卐 श्री सदगुरु देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः । आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् । वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 55 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦1 दिसम्बर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

# प्रदेश में जल्द स्थापित होगा खेल विश्वविद्यालय: धामी

## मुख्यमंत्री ने किया खेल महाकुंभ का शुभारम्भ, महाकुंभ में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी में मिलेगा आरक्षण

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को देहरादून में स्थित युवा कल्याण निदेशालय में राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ 2024 का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ खेल मंत्री रेखा आर्य, खेल सचिव अमित सिन्हा और स्थानीय विधायक उमेश शर्मा काऊ,निदेशक युवा कल्याण प्रशांत आर्य भी मौजूद थे। राज्य स्तरीय इस खेल महाकुंभ में प्रदेश के 13 जनपदों से आए खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। मुख्यमंत्री धामी ने सभी खिलाड़ियों की ऊर्जा और उत्साह की सरहाना की। इस अवसर पर सीएम धामी ने कहा कि खेल महाकुंभ अपने आप में विशिष्ठ आयोजन है। इसमें ग्राम पंचायत से लेकर ब्लाक और पंचायत होते हुए खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर मिलता है। वर्ष 2017 से यह प्रारम्भ हुआ है। यह आयोजन राज्य में खेल संस्कृति को विकसित करने में



महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। खेल महाकुंभ युवाओं में खेलों की रूचि बढ़ाने के साथ साथ उनके अंदर अनुशासन, टीम वर्क की जो भावना को भी विकसित करने में बड़ा योगदान देता है। खेल महाकुंभ की सफलता का प्रमाण है कि पिछले वर्ष हमारे राज्य के सवा तीन लाख से अधिक खिलाड़ियों ने खेल महाकुंभ में प्रतिभाग किया था। इस बार का खेल महाकुंभ निश्चित रूप से अपने पिछले रिकार्ड को तोड़ने में सफल होगा। इस खेल महाकुंभ से निकलने वाले खिलाड़ियों को विभिन्न पुरस्कारों के साथ साथ राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभा दिखाने का मौका भी मिलता है। इस खेल आयोजन की एक विशिष्ठता यह भी है कि इसमें ग्राम पंचायत स्तर से राज्य स्तर तक के विजेताओं को डीबीटी के माध्यम से पुरस्कार राशि प्रदान की जायेगी। इस वर्ष करीब 11 करोड़ की पुरस्कार राशि खिलाड़ियों में वितरित की जायेगी। सरकार की यह पहल खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के साथ साथ उनकी प्रतिभा को निखारने में भी सहायक सिद्ध होगी। हम चाहते हैं कि हमारे खिलाड़ी आगे निकलकर आयें और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें। खेलों में आगे बढ़ें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्ग दर्शन में हमारी सरकार प्रदेश में खेल और खिलाड़ियों को लगातार आगे बढ़ाने के लिए निरंतर काम कर रही है। उत्तराखण्ड में खेल संस्कृति को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य (शेष पृष्ठ सात पर)

# ट्रक और बाईक की भिड़ंत में युवक की मौत,साथी गंभीर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि किच्छा बाईपास मार्ग पर ट्रक एवं बाईक के मध्य हुई आमने सामने की भिड़ंत में



बाईक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद कुछ रोषित लोगों ने ट्रक में तोड़फोड़ भी की। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने



मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को चिकित्सालय भिजवाया और ट्रक व क्षतिग्रस्त बाईक वहां से हटाकर कब्जे में लिया। जानकारी के अनुसार मूल रूप से ग्राम गहरबा थाना मीरगंज बरेली निवासी राजपाल के दो पुत्र सुमित व अमन ट्रांजिट कैम्प की कृष्णा आपरा कालोनी किराये के मकान में रहकर पेंटर का काम करते थे। बताया जाता है कि गत रात्रि अमन अपने दोस्त खेड़ा वार्ड 11 निवासी जयंत मंडल पुत्र शाविन के साथ अपनी बाईक संख्या यूके 06 बीएफ 1913 पर सवार होकर शहर की ओर आ रहा था। अभी दोनों किच्छा बाईपास रोड़ पर खेड़ा के पास पहुंचे थे कि सामने से तेज गति से आ रहे ट्रक संख्या यूपी 78 डीटी 9358 के अज्ञात चालक ने बाईक को जोर से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाईक चला रहा अमन व उसका दोस्त जयंत गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गये। ट्रक चालक वाहन छोड़ मौके से फरार हो गया। आस पास मौजूद लोगों ने गुस्से में आकर ट्रक में तोड़ फोड़ कर दी। मामले की सूचना मिलने पर रम्पुरा चौकी पुलिस (शेष पृष्ठ सात पर)

# भाजपा नेता के पुत्र पर झोंका फायर, हालत गंभीर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि अटरिया मार्ग पर आपसी कहासुनी में एक भाजपा नेता के पुत्र पर फायर झोंक दिया गया। छर्रे उसके पैर पर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए तत्काल जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां उसकी हालत चिंता जनक देखते हुए चिकित्सकों ने उसे रैफर कर दिया। बताया जाता है कि घायल को उपचार के लिए एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार गत रात्रि अटरिया रोड़ पर सिडकुल ढ़ाल के पास मकान में परिवार के कुछ लोग आपस में बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर उनमें कहासुनी हो गई। जो देखते ही देखते हाथापाई में बदल गई। चर्चा है कि इसी बीच वहां मौजूद एक युवक ने तमंचा निकालकर नगर के एक वरिष्ठ भाजपा नेता के पुत्र पर तान दिया। जिसे देखते ही जब बचकर भागने लगा तो पीछे से उस पर फायर कर दिया गया। फायर से निकले छर्रे भाजपा नेता के पुत्र के पैर में जा लगे और वह लहूलुहान हो गया। (शेष पृष्ठ सात पर)

# कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

रूद्रपुर। शेरगढ़ बरेली से बाईक पर सवार होकर रूद्रपुर आ रहे दो युवकों को यहां किच्छा मार्ग पर अज्ञात कार चालक ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। कार चालक वाहन सहित मौके सें फरार हो गया। दोनों युवकों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जानकारी के अनुसार शेरगढ़ बरेली निवासी विजय पुत्र लेखपाल व मनीष पुत्र रामचन्द्र यहां सिडकुल की एक कम्पनी में काम करते हैं और किराये के कमरे में रहते हैं। बताया जाता है कि गत रात्रि विजय और मनीष मोटर साईकिल संख्या यूपी 25 बीआर 0086 पर सवार होकर शेरगढ़ से रूद्रपुर को आ रहे थे। जब वह किच्छा मार्ग पर दूधिया मंदिर के पास पहुंचे तो तेज गति से जाती कार के अज्ञात चालक ने उनकी बाईक को टक्कर मार दी। जिससे विजय व मनीष सड़क पर गिरकर गंभीर रूप (शेष पृष्ठ सात पर)

# आदिवासी समाज देश के विकास में सहायक: कोश्यारी

## आदिवासी जनजाति महोत्सव का कोश्यारी एवं सौरभ बहुगुणा ने किया शुभारंभ

गदरपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री , महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी, प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय गोपालनगर में आदिवासी बुक्सा जनजाति महोत्सव में अपनी सहभागिता करते हुए बुक्सा जनजाति के लोगों द्वारा देश हित में किए गए कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती,राजा जगतदेव एवं महान सेनानी विरसा मुंडा की प्रतिमा के







सम्मुख द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि जनजाति के लोगों द्वारा देश में शिक्षा के क्षेत्र में तरक्की करके कई अहम स्थान प्राप्त किए हैं उन्होंने (शेष पृष्ठ 7 पर)

# ‘पंद्रह साल’ से नहीं चुकाया गया सीएम धामी के बंगले का ‘हाउस टैक्स’

-अर्श-

**ekuuh; d! Hkouk d! cdk;k gkm I VD I d! pyr! xgj! vkfFkd I dV e! x<h d!V Nkouh ckM] e![ ;e=h vkokl I ij 85 yk[k] rk jktHkou ij n I yk[k dk gkm I VD I cdk;k**

देहरादून।अनेक बड़े सरकारी भवनों द्वारा समय रहते हाउस टैक्स ना चुकाए जाने के कारण गढ़ी कैंट छावनी बोर्ड आजकल गहरे आर्थिक संकट में है। हालात कभी-कभी कुछ इस तरह बन पड़ते हैं कि बोर्ड को अपने कर्मचारी का वेतन और पेंशनरों की पेंशन देने में भी भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। खबर है कि छह माह पूर्व बोर्ड के स्टाफ की 3 महीने की सैलरी भी रुक गई थी और केंद्र से सहायता प्राप्त होने के बाद ही बोर्ड के स्टाफ का वेतन दिया जा सका। ज्ञात हो कि बजट की कमी से जूझ रहा गढ़ी कैंट बोर्ड सरकार के कई विभागों से अच्छा खासा तंग है ,क्योंकि बोर्ड को कई सरकारी भवनों से बकाया कर नहीं मिल रहा है। कर जमा नहीं करने वालों में सीएम आवास से लेकर राजभवन और बीजापुर गेस्ट हाउस जैसे बड़े सरकारी संस्थान शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि गढ़ी कैंट बोर्ड के अंतर्गत पांच बड़े सरकारी भवन आते हैं। इनमें सीएम आवास, राजभवन, बीजापुर गेस्ट हाउस, एफआरआई और प्रेमनगर का सरकारी हॉस्पिटल शामिल है। इसमें से कुछ भवनों जैसे राजभवन ने तो पिछले दिनों अपना कर जमा कर दिया था, लेकिन मुख्यमंत्री आवास का साल 2009 से आज तक कोई टैक्स जमा ही नहीं हुआ है। मुख्यमंत्री आवास पर कुल मिलाकर करीब 85 लाख से ज्यादा का कर बकाया




है। इसके अलावा राजभवन पर भी साल 2022 से अब तक का करीब 23 लाख रुपए का हाउस टैक्स बकाया था। इसमें से तकरीबन 13 लाख रुपए तो जमा किए जा चुके हैं, लेकिन अभी भी करीब 10 लाख रुपए हाउस टैक्स राजभवन पर बकाया है। वहीं ,बीजापुर गेस्ट हाउस पर साल 2022 से अब तक 20 लाख रुपए से ज्यादा का कर बकाया है। साथ ही राजधानी का प्रेमनगर स्थित संयुक्त अस्पताल, जो कि स्वास्थ्य विभाग के अधीन है, पर साल 2022 से अब तक 58 लाख रुपए का कर बकाया है। कई बार छावनी परिषद की ओर से सीएमओ देहरादून को इस संबध में पत्र लिखे जाने के बावजूद आज तक बकाया कर जमा नहीं कराया गया। हाउस टैक्स जमा करने में सबसे बुरी हालत एफआरआई की है। एफआरआई पर करीब साढ़े पांच करोड़ का हाउस टैक्स बकाया है। कैंट बोर्ड द्वारा बार-बार पत्राचार किए जाने पर एफआरआई ने बकाया कर को तीन हिस्सों में विभाजित कर दिया है। इस विभाजन के अनुसार बकाया हाउस टैक्स का आधा हिस्सा एफआरआई को देना है, जबकि बाकी आधे में सेंटर एकेडमी स्टेट फॉरेस्ट और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी की देनदारी है। बोर्ड ने फिलहाल 2.63 करोड़ के कर वसूली के लिए एफआरआई और बाकी के ढाई करोड़ का बिल अन्य दोनों संस्थानों को भेज रखा है। जहां तक बोर्ड के सालाना आय व्यय का सवाल है? तो गढ़ी कैंट छावनी बोर्ड में कुल आठ वार्ड है और बोर्ड का सालाना खर्चा करीब 48 करोड़ रुपए है। केंद्र से बोर्ड में करीब 25 करोड़ आते है। बाकी खर्चा बोर्ड कर के रूप इकट्ठा करता है। साथ ही गढ़ी कैंट छावनी बोर्ड का हाउस टैक्स भी नगर निगम के हाउस (शेष पृष्ठ सात पर)

# हल्द्वानी में 2200 करोड़ की लागत से बनेगा नमो भवन

## जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री को दी जनपद के प्रस्तावित विकास कार्यों की जानकारी




नैनीताल(उद संवाददाता)। एक दिवसीय हल्द्वानी भ्रमण पर पंहुचे प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने एफटीआई सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर लोक निर्माण विभाग,ऊर्जा एवं पेयजल विभाग की समीक्षा करते हुए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने हल्द्वानी शहर के सड़क मार्गों के चौड़ीकरण के उपरांत किए जाने वाले सड़क सुधारीकरण पेयजल व्यवस्था व विद्युत व्यवस्था के कार्यों व परियोजनाओं की जानकारी अधिकारियों से ली। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि नगर निगम हल्द्वानी क्षेत्रान्तर्गत पेयजल, सीवरेज व गैस पाईप लाईन निर्माण में खुदी सड़कों को शीघ्र ठीक करने हेतु शीघ्र ही धनराशि जारी की जाएगी। खुदी हुई सड़कों के साथ ही पेयजल व विद्युत व्यवस्था को यथाशीघ्र दुरुस्त किया जाय,आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसका अधिकारी विशेष ध्यान रखें। उपभोक्ताओं के अधिक विद्युत बिलों के भुगतान की समस्याओं के समाधान हेतु जिले के विभिन्न स्थानों में विद्युत विभाग शिविर लगाकर समस्या का शीघ्र समाधान करें। शिविरों का स्थान निर्धारण हेतु क्षेत्रीय विधायकों के साथ वार्ता कर लें। आम जनता को सरकार की योजनाओं का लाभ समय पर मिले,उन्हें आवागमन सुगम मिले, इस हेतु चौड़ी सड़कें हो,नगर निगम अंतर्गत विकास कार्यों हेतु खुदी हुई सड़कों को यथाशीघ्र ठीक किया जाय। हल्द्वानी नगर में किए जा रहे पेयजल, सीवरेज एवं गैस पाईप लाईन का कार्य जो अभी गतिमान है उसे यथाशीघ्र पूर्ण कराएं।जिले में आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं यहां मिले,इसका विशेष ध्यान रखा जाय। हल्द्वानी नगर में भारत मंडपम की तर्ज पर एक बहुउद्देशी भवन का निर्माण हो,जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक सामाजिक सेमिनार आदि कार्यक्रम आयोजित हों,जिसका सरकारी, गैरसरकारी गतिविधियों के साथ ही आम लोगों को मिले। इस दौरान उन्होंने पेयजल विभाग व विद्युत विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की धीमी प्रगति पर अधिकारियों को फटकार लगाई और कहा कि तय समय पर निर्माण कार्य पूर्ण हों,जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा न मिले इसका ध्यान अधिकारी रखें। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी वंदना ने हल्द्वानी नगर अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी से माननीय मुख्यमंत्री को अवगत कराया।उन्होंने कहा कि नगर अंतर्गत एडीबी परियोजनान्तर्गत सीवरेज एवं पेयजल लाइन का निर्माण गतिमान है,विभिन्न कार्य पूर्ण हो गए हैं।अनेक कार्यों को पूर्ण करने हेतु शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। अवगत कराया कि इन 31 सड़कें जो इन कार्यों से क्षतिग्रस्त हो गई थी उनमें सुधारीकरण व डामरीकरण का कार्य होना है,इस हेतु विकास प्राधिकरण से 12.5 करोड़ की धनराशि से कार्य कराए गए अवशेष कार्यों हेतु प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।इसके अतिरिक्त लालकुंआ क्षेत्र में जलजीवन मिशन के कार्यों से खुदी हुई सड़कों में डामरीकरण व सुधारीकरण का कार्य प्रारंभ हो गया है। जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि हल्द्वानी में नमो भवन निर्माण जो 2200 करोड़ रुपये से निर्मित होना है,इस हेतु शासन में टीएसी हेतु प्रस्ताव भेजा गया है।नगर अंतर्गत नरीमन चौराहा तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य पूर्ण हो गया है उससे आगे रानीबाग, गुलाब घाटी में सड़क चौड़ीकरण व पहाड़ी ट्रीटमेंट का कार्य होना है जिस हेतु प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि आपदा के दौरान देवखड़ी नाले से होने वाली क्षति को कम करने व उसके ट्रीटमेंट हेतु भी शासन को प्रस्ताव भेजा गया है।उक्त प्रस्तावों के संबंध में मुख्यमंत्री ने मौके पर से ही सचिव वित्त उत्तराखंड शासन को दूरभाष पर वार्ता कर शीघ्र ही धनराशि आवंटित करने के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को अधिक विद्युत बिल देने की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने विद्युत विभाग को तत्काल इन क्षेत्रों में कैम्प लगाकर जनता की समस्याओं का समाधान व निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा जंगली जानवरों विशेष रूप गुलदार के हमले से बचाव हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाए जाने की भी बात रखी,इस संबंध में मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को ऐसे गांवों में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाए जाने हेतु तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में दर्जा राज्यमंत्री डॉ अनिल डब्बू,दीपक मेहरा,भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट,विधायक बंशीधर भगत,सरिता आर्या,राम सिंह कैड़ा,निवर्तमान अध्यक्ष जिला पंचायत बेला तोलिया,निवर्तमान मेहर डॉ जोगेन्दर सिंह रौतेला, आयुक्त कुमाऊं दीपक रावत,डीआईजी योगेन्द्र सिंह रावत,जिलाधिकारी वंदना सिंह, सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित रहे।

## सीएम ने किया सिटी फॉरेस्ट पार्क का लोकार्पण

हल्द्वानी। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को हल्द्वानी में 1 करोड़ की लागत से बने सिटी फॉरेस्ट (नगर वन) का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नगर वन में वृक्षारोपण भी किया। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि नगर में निवासरत लोगों को बेहतर स्वास्थ्य एवं स्वच्छ पर्यावरण उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होने कहा शहर की भागदौड़ के बीच सिटी फॉरेस्ट एक ऐसा स्थान है जहां सकून मिलेगा। सिटी फॉरेस्ट में लॉन, बैम्बू हट, चिल्ड्रन पार्क, ओपन एयर जिम, पैदल भ्रमण पथ, साइकिलिंग ट्रैक एवं हाथी सैल्फी पाइंट मुख्य आकर्षण का केन्द्र है। सिटी फारेस्ट वन विभाग की 7.5 हेक्टेयर भूमि में स्थापित किया गया है। वहीं मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी नगर निगम कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नगर आयुक्त विशाल मिश्रा को निर्देश दिए कि नगर में खराब स्ट्रीट लाइटों को शीघ्र ठीक कराई जाए। साथ ही प्रतिदिन स्ट्रीट लाईटों की मॉनिटरिंग भी की जाए। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने नगर आयुक्त को निर्देश दिए कि नगर निगम को आंतरिक मार्गों को हर हाल में 15 दिसंबर तक गड्ढा मुक्त किया जाए। उन्होंने कहा कि नगर निगम के अधूरे निर्माण कार्यों को भी जल्द से जल्द शुरू कर एक माह के भीतर पूर्ण किया जाए।






## राज्यसभा में बिजनेस एडवाइजरी कमेटी के सदस्य बने सांसद नरेश बंसल

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यसभा सांसद और भाजपा राष्ट्रीय सह-कोषाध्यक्ष नरेश बंसल को राज्यसभा संचालन की सबसे महत्वपूर्ण कमेटी बिजनेस एडवाइजरी कमेटी (बीएमसी) का सदस्य बनाया गया है। राज्यसभा के सभापति एवं उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कमेटी का गठन किया है। राज्यसभा सभापति इस समिति के अध्यक्ष हैं और विभिन्न दलों के 10 सांसदों को समिति में सदस्य मनोनीत किया गया है। यह समिति राज्यसभा के कामकाज निर्धारण, चर्चा के समय सिफारिश और सदन में बहस के लिए विषयों का सुझाव देती है। समिति सभापति (राज्यसभा) के निर्देशन में काम करती है। बिजनेस एडवाइजरी कमेटी संसद की स्थायी समिति है, जो एक निश्चित समय के अंतराल पर गठित की जाती है। इसमें बीजेपी- एनडीए की ओर से नरेश बंसल के अलावा सांसद व उप सभापति हरिवंश, लक्ष्मीकांत वाजपेयी, राधा मोहनदास अग्रवाल, सुधांशु त्रिवेदी शामिल हैं। इनके अलावा सांसद प्रमोद तिवारी,जयराम रमेश, संजय सिंह, डेरेक ओ बरायन, वी विजय साई रेड्डी को सदस्य के तौर पर मनोनीत किया गया है।

## छेड़छाड़ का विरोध करने पर भाई बहन पर किया हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प में नल से पानी भर रही युवती से छेड़छाड़ करने का विरोध करने पर कुछ घर में घुसकर उससे व उसके भाई पर लाठी डंडों से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में अंजली पुत्री सुरेश निवासी शिव नगर वार्ड 08 ट्रांजिट कैम्प ने कहा है कि 29 नवम्बर रात्रि वह सरकारी नल से पानी भर रही थी। उसी समय यहीं के निवासी कौशल पुत्र अशोक, रुद्र पुत्र अशोक, बंसू पुत्र संतोष, जीतू पुत्र राजकुमार, विशाल पुत्र महेंद्र, राजीव पुत्र महेंद्र, अरुण, आकाश व सचिन भी नल से पानी भर रहे थे। आरोप है कि उक्त लोग उसके साथ छेड़-छाड़ कर गन्दे कमेन्ट करने लगे। यह बात उसने अपने भाई हिमांशु को बतायी तो हिमांशु उक्त लोगो से पूछने गया कि क्यो छेड़ रहे हो मेरी बहन को। इस पर उक्त लोगो ने भाई को और उसे घर मे घुस कर लाठी व डंडो से बहुत बेहरमी से मारा और जान से मारने की कोशिश की। उसके परिवार को उक्त लोगो से जान माल का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सड़क हादसे में मासूम बच्चे की मौत,चालक गिरफ्तार

चंपावत में अपनी मां के साथ घर वापस आ रहे आठ साल के मासूम की सड़क हादसे में मौत हो गई। जबकि मां गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। लेकिन पुलिस ने घटनास्थल से थोड़ी दी दूरी से उसे गिरफ्तार कर लिया है। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। टनकपुर खटीमा हाईवे पर ग्राम पंचायत बिचई के पास एक कार की चपेट में आने से आठ साल के मासूम की मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक बच्चा अपनी मां के साथ नानी के घर से वापस आ रहा था। इसी दौरान रास्ते में ये हादसा हो गया। जिसमें बच्चा और उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले जाया गया। जहां बच्चे को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से ही तालक फरार था। लेकिन पुलिस ने चालक को बनबसा से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बच्चे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बच्चे के मामा की तहरीर पर आरोपी चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इस घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मच गया है।

## घर से भटकी दिव्यांग युवती से गैंग रेप,आरोपी फरार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शहर में घर से भटकी एक युवती से सामाजिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी ई रिक्शा चालक अपने साथी के साथ युवती को सड़क पर छोड़ कर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़िता को प्रातः बरामद करने के बाद उपचार के लिए चिकित्सालय भेजा और फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक मुखानी थानाक्षेत्र में रहने वाली करीब 20 वर्षीय एक मानसिक दिव्यांग युवती घर से निकल कर रास्ता भटक गई। भटकते भटकते वो आरटीओ रोड पहुंच गई। उसे इस तरह अकेला घूमते देख एक ई-रिक्शा चालक उसे मानसिक रूप से कमजोर होने का फायदा उठाकर घर छोड़ने की बात कहकर अपने साथ बड़ी मंडी ले गया। यहां चालक ने अपने एक दोस्त के साथ बारी बारी उसके साथ दुष्कर्म किया और उसे बरेली रोड़ में सड़क पर छोड़ कर दोनों फरार हो गए। जब देर तक युवती घर वापस नहीं लौटी तो परिजन मुखानी थाना पहुंचें और मामले से अवगत कराया। पुलिस ने आनन फानन में सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू किए। आरटीओ रोड से एक ई-रिक्शा चालक युवती को ले जाता दिखाई दिया। सीसीटीवी कैमरों की मदद से पुलिस बड़ी मंडी पहुंच गई और यहां से युवती को बरामद कर लिया। घटना को अंजाम देने के बाद ई-रिक्शा चालक और उसका दोस्त रात युवती को बरेली रोड पर बेसहारा छोड़ गए। बताया जाता है कि पीड़िता युवती जब बरेली रोड पर इधर-उधर टहल रही थी। तभी एक ऑटो चालक की उस पर नजर पड़ी। देखने मे भले घर की और बातों से मानसिक दिव्यांग लगने पर चालक ने उसे आसरा दिया। वो उसे अपने घर ले गया, जहां रात वह चालक की मां के साथ रही और सुबह पुलिस ने उसे बरामद कर लिया। युवती की बरामदगी की खबर पर परिजन मुखानी थाना पहुंचे और आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। मुखानी थानाध्यक्ष विजय मेहता ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है। जल्द ही दोनों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## मरीजों की जांच के दौरान हार्ट अटैक से डेंटल सर्जन की मौत

ऋषिकेश। ऋषिकेश के एसपीएस राजकीय चिकित्सालय में तैनात डेंटल सर्जन डॉ। ललित जैन की अस्पताल में मरीजों को देखने के दौरान मौत हो गई। मौत की वजह हार्टअटैक बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार सीएमएस डॉ। पीके चंदोला ने बताया कि शनिवार को हर रोज की तरह डॉ। ललित जैन (52) ओपीडी में मरीजों की जांच कर रहे थे। अचानक उन्हें हार्ट अटैक पड़ गया। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बता दें डॉ ललित जैन की पत्नी भी नरेंद्रनगर के सरकारी अस्पताल में अपनी सेवाएं दे रही हैं। सूचना मिलते ही उनकी पत्नी ऋषिकेश पहुंची। बता दें डॉ ललित जैन ने 15 जून 2023 को ऋषिकेश में तैनाती ली थी। इससे पहले वो सीएचसी चंबा में तैनात थे। डॉ जैन मूल रूप से हरियाणा के रहने वाले हैं।

# विशाल जागरण श्याम के भजनों पर जमकर झूमे श्रद्धालु

सितारगज(उद संवाददाता)। श्री श्याम युवा मित्र मंडल सितारगंज के संयोजन से रामलीला मैदान में श्री श्याम प्रभु खाटू वाले बाबा का विशाल जागरण का आयोजन किया गया। जागरण में सितारगंज, शक्तिफार्म, बहेड़ी, किच्छा, रुद्रपुर, गदरपुर, लालकुआं, हल्द्वानी, नानकमत्ता, खटीमा, बनवसा और टनकपुर से बड़ी संख्या में श्याम भक्त पहुंचे। यहां पहुंचे भक्तों ने देर रात तक कार्यक्रम का लुफ्त उठाया। पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता संजय गोयल ने बाबा की अखंड ज्योति जलाकर जागरण का शुभारंभ किया गायक प्रकाश मिश्रा कोलकाता,वैष्णवी शर्मा ग्वालियर और आयुष सोमानी जयपुर के मुखारविंद से बाबा के भजनों की अमृतवर्षा की श्याम बाबा के भक्तों ने पहुंच कर बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया लोग झूमते-झूमते गाते नजर आए और बाबा का गुणगान किया बाबा का



छप्पन भोग का प्रसाद ग्रहण किया श्याम प्रेमियों में काफी उत्साह भरा माहौल देखने को मिल रहा है और सितारगंज के रामलीला ग्राउंड में हजारों की संख्या में लोग पहुंचे हैं गायक कलाकारो ने काली कमली वाला मेरा यार है, मेरे मन का मोहन तू दिलदार है... सुनाकर भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया,किस्मत वालों को मिलता है खाटूश्याम, ऐ श्याम तुम्हे में खत लिखी, देता हर दम सांवरे, मेरे घर के आगे श्याम... 'की प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय कर दिया। महिला गायक कलाकारों ने भी भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्ति भाव से सराबोर कर दिया यहां पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता संजय गोयल, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, राकेश त्यागी,अंकुर गर्ग, शिवम मित्तल,अमित राठी,अमन गुप्ता,दिनेश कुमार, महेश मित्तल,अंकित गोयल, मयंक गोयल, सचिन मित्तल, प्रदीप गर्ग,मोहित गोयल, विकाश गर्ग, यस मित्तल,प्रिंस गुप्ता,पंकज बोरा, दीपक अग्रवाल,हर्ष गर्ग,अंश गुप्ता, भरत सिंघल,साहिल चिटकारा,देवेश कुमार, सतीश उपाध्याय आदि मौजूद थे।

# जयप्रकाश सक्सेना के नेत्रों से दो लोगों को मिलेगी रोशनी

गदरपुर(उद संवाददाता)। वार्ड न.9 पंजाबी कॉलोनी गदरपुर जिला उधम सिंह नगर उत्तराखंड निवासी बाबूराम सक्सेना व बृजभूषण सक्सेना के पिताजी एवं गोविन्द सक्सेना के ताऊ जय प्रकाश सक्सेना का आकस्मिक निधन होने के उपरांत परिवार द्वारा संयम रखते हुए उनके नेत्रों का दान करके एक पुनीत कार्य किया । विदित हो कि जयप्रकाश सक्सेना समाज सेवा के रूप में अपने जीवन में कई नेक कार्य कर चुके हैं,उनकी अंतिम इच्छा के अनुरूप उनकी पत्नी कमला देवी ने अपने पुत्रों एवं अन्य परिजनों से विचार विमर्श करके उनके द्वारा किए गए नेत्रदान के संकल्प को पूरा किया । रुद्रपुर से पहुंची टीम द्वारा स्वर्गीय जयप्रकाश के नेत्रों का कॉर्निया



सफलता पूर्वक प्राप्त किया जिससे किन्हीं दो लोगों के जीवन में रोशनी आएगी । उनके इस पुनीत कार्य के लिए कई धार्मिक,राजनीतिक, सामाजिक संस्थाओं द्वारा सराहना करते हुए दिवंगत जयप्रकाश जी के प्रभु चरणों में निवास की प्रार्थना की । शनिवार दोपहर उनके पार्थिव शरीर का गदरपुर मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार कर दिया गया ।

# जीडी गोयनका स्कूल में टी-10 टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड टी10 टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा स्टेट गेम्स का आयोजन जी.डी. गोयनका पब्लिक स्कूल में किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री बलदेव सिंह औलख बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। जी.डी. गोयनका पब्लिक स्कूल के चेयरमैन अतुल गोयल ने बताया कि टूर्नामेंट का उद्देश्य क्षेत्र में खेल को बढ़ावा देना और युवाओं को क्रिकेट के प्रति प्रोत्साहित करना है। यह आयोजन न केवल खेल के प्रति जागरूकता बढ़ाने में मदद करेगा, बल्कि युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक मंच भी प्रदान करेगा।प्रधानाचार्य रूपाली पुरी ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्कूल की स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर डॉ. बर्षा ने भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। आयोजन में श्रीमती मेघा ने भी अपनी उपस्थिति से इस आयोजन को और भी समृद्ध बनाया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख कुलवंत औलख, पूर्व विधायक रुद्रपुर राजकुमार ठुकराल, ग्राम प्रधान रणधीर सिंह वीरक, डॉ. वीर सिंह, और समाजसेवी गुरप्रीत सिंह पन्नू,क्रिकेट कोच राजेश, कोच विक्रांत, दुर्गेश, और गुरुविंदर आदि भी मौजूद रहे।



# ब्रेन जिम से होता है बच्चों के दिमाग का विकास: निशु तिवारी

सितारगंज(उद संवाददाता)। करिजमेटिव स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान की निर्देशिका राधा रस्तोगी, रजनी रस्तोगी व श्याम रस्तोगी ने दीप प्रज्वलन कर की। शनिवार को सुप्रिया कॉलोनी स्थित करिजमेटिव स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किया। इस अवसर पर पूरे वर्ष शिक्षा, अबेकस, वैदिक गणित, रूबिकस क्यूब, सेल्फ डिफेंस, योगा, ब्रेन जिम आदि विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमो का श्रेष्ठ प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्थान की निशु तिवारी और किरन राणा ने किया। अबेकस ट्रेनर निशु तिवारी ने बताया कि करिजमेटिव में बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अबेकस, ब्रेन जिम, मिडब्रेन एक्टिवेशन, मेंटल मैथ्स, वैदिक गणित, आत्म सुरक्षा, योगा आदि पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। बच्चों की झिझक दूर करने के लिए स्टेज पर परफॉर्मेंस करवाई जाती हैं। इस अवसर पर बाल आयोग की सदस्या सुमन राय, आदेश ठाकुर, राकेश त्यागी, सुरेश जैन, महेश मित्तल, राजू नगदली, आनंद बल्लभ भट्ट, ललित सक्सेना, बलवीर कंबोज, अरविंद चौरसिया, सतीश उपाध्याय, ललित रस्तोगी, सोनाली रस्तोगी, गीता गरकोटी, मोहित तिवारी, धीर सिंह, अरविंद गौड, सत्येंद्र दिवाकर, राज्य आंदोलनकारी दिगंबर सती, अरविंद रस्तोगी, हिना बोरा, किरन तिवारी, दीपा विश्वास, निकिता, हिमांशी भट्ट, रिद्धि तिवारी, दीक्षा गहतोड़ी, रंजना, रिया गोयल, चंपा जोशी, प्रदीप, ज्वेल आदि लोग उपस्थित रहे।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

आवश्यकता है
सिडकुल स्थित फैक्ट्री के लिए अनुभवी अकाउंटेंट एवं अनुभवी इलेक्ट्रिकल डिप्लोमा/डिग्री होल्डर की। वेतन योग्यतानुसार
-सम्पर्क करें-
परफैक्ट सेल्स कार्पोरेशन
प्लाट नं.12, सेक्टर IIDC सिडकुल
रूद्रपुर, मो. 9654467133

# पेंचक सिलाट में मॉम्स प्राइड स्कूल ने लहराया परचम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।श्रीनगर जम्मू कश्मीर में 12 वीं सब जूनियर तथा जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता 18 नवंबर 2024 तक आयोजित की गई। प्रतियोगिता में 28 राज्यों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में मॉम्स प्राइड स्कूल के कुल 10 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें उन्होंने कुल 8 पदक हासिल किए। भौमिक सामंत ने गोल्ड, हर्षिका गौर ने रजत व कांस्य, प्रभजोत कौर ने कांस्य, अथर्व दास ने कांस्य व नव्या भारद्वाज ने कांस्य पदक हासिल कर स्कूल का व राज्य का गौरव बढ़ाया। प्रधानाचार्य ने प्रतिभागियों को उनकी इस जीत पर बधाई दी और उनका मार्गदर्शन किया।



# साइकिलिंग टीम नेशनल चैंपियनशिप के लिए रवाना

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराखंड की 15 सदस्यीय साइकिलिंग टीम नेशनल रोड साइकिलिंग चौंपियनशिप जो 5 से 10 दिसंबर ओडिशा पुरी में आयोजित की जा रही है में प्रतिभाग जाने के लिए रवाना हुई। टीम में कोच मनीष वर्मा, टीम मैनेजर इंदर सिंह मेहरा, खिलाड़ी भावेष मेहरा, अश्विन, कपिल, लक्ष्य ,अक्षय, अक्षय कन्याल , सूर्या सिंह , आयुष नेगी , सार्थक बिष्ट, कार्तिकेय , हिमेश , अमित शामिल हैं।उत्तराखंड साइकिलिंग के अध्यक्ष विमल चौधरी, सचिव देवेश पांडेय व विजय पाठक ने टीम को शुभकामनाएं देकर रवाना किया है ।




क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले)
लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# विधानसभा भवन में होगा शहीद गैलरी का निर्माण

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को विधानसभा पहुंचकर विधानसभा में चल रहे नव निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान उनके साथ विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी भूषण भी मौजूद थी। सभा के मुख्य प्रवेश द्वार पर राष्ट्रीय चिन्ह अशोक स्तंभ की स्थापना की गई। बता दें उत्तराखंड राज्य



आंदोलन के शहीद आंदोलनकारियों की याद में शहीद गैलरी का निर्माण किया गया है। इस गैलरी में शहीदों के योगदान को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए उनके बारे में महत्वपूर्ण जानकारी और तस्वीरें प्रदर्शित की जाएगी। इसके साथ ही विधानसभा में राज्य के राजकीय चिन्ह भी स्थापित किये गए हैं। वही भवन में विधानसभा सदस्यों की बैठक के लिए एक्सटेंशन रूम का निर्माण भी किया गया है।

विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय लम्बोदराय सकलाय जगद्धिताय ।
नागाननाथ श्रुतियज्ञविभूषिताय गौरीसुताय गणनाथ नमो नमस्ते ।।
हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एंव वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रुद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि
समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :
आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444

# परिणाम हमारे हाथों में नहीं होता है, प्रयास हमारे हाथों में होता है : सीएम

## सीएम धामी ने इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा आयोजित उत्तराकॉन-2024 कार्यक्रम में चिकित्सकों को किया सम्मानित







हल्द्वानी(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी में इण्डियन मेडिकल एसो० द्वारा आयोजित उत्तराकॉन-2024 कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में कहा कि परिणाम हमारे हाथों में नहीं होता है, प्रयास हमारे हाथों में होता है इसलिए प्रयास ईमानदारी से करना चाहिए। विशेषकर चिकित्सकों को प्रयास में कमी नहीं करनी चाहिए और कमी करते भी नहीं है। डॉक्टर्स को भगवान का दूसरा रूप कहा जाता है, भगवान ने डॉक्टर्स को यह सुनहरा अवसर दिया है कि किसी की भी जिंदगी बचा सकते हैं, स्वास्थ्य सुधार सकते हैं। इस अवसर का डॉक्टर्स को सही से उपयोग किया जाए तो जीवन में निश्चित ही सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद का उदाहरण देते हुए कहा कि किस तरह नरेंद्र से विवेकानंद बने। महज 39 वर्ष की आयु में उन्होंने देह त्याग दिया था लेकिन वह प्रेरणा दे गए कि इंसान अनंत तक जा सकता है। जिस दिशा में जितना जाना चाहता है जा सकता है, बस प्रयास की जरूरत है। सीएम ने कहा कि सभी धार्मिक, वैदिक ग्रंथ कहते हैं कि सभी शारीरिक अंगों के निर्माण पर मनुष्य का जीवन मिलता है इससे पूर्व 84 लाख योनियों में घूमना पड़ता है। मेडिकल साइंस के ऐसे साथी जो विदेशों में रहते हैं वे भारतीय पद्धतियों की अलग गणना करते हैं लेकिन अब मेडिकल साइंस भी शास्त्रों व वेदों को मानने लगा है। दुनिया हमारे ऋषि-मुनियों की पद्धति पर चल रही है। मनुष्य जन्म विशिष्ट कर्म के लिए मिला है इसे सफल व सार्थक बनाना चाहिए। जीवन सफल व सार्थक बनाने के लिए चिकित्सा क्षेत्र से ज्यादा कुछ नहीं हो सकता है। इस समाज को चिकित्सकों से बहुत अपेक्षाएं होती हैं इसलिए उन्हें भी वैसे व्यवहार व काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आयुष्मान योजना, प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज, एम्स के नए केंद्रों की स्थापना समेत कई अभूतपूर्व काम हो रहे हैं। कोविड-19 में स्वदेशी वैक्सीन बनाकर 100 देशों को आपूर्ति कर दुनिया का भारत के प्रति विश्वास मजबूत किया है। उन्होंने उत्तराखंड में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धियां बताते हुए कहा कि देश में पहली बार एयर एंबुलेंस की सेवा शुरू की है। इसका शुभारंभ धनवंतरि दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। इससे सड़क हादसों के घायलों, दूरस्थ क्षेत्रों के गंभीर मरीजों को तत्कालिक चिकित्सकीय सुविधा दी जा रही है। इसके अलावा 207 पैथलॉजी जांचें निशुल्क की जा रही हैं। ई-संजीवनी सेवाएं मरीजों को दी जा रही हैं। मधुमेह, रक्तचाप, मुंह व स्तन कैंसर की भी निशुल्क जांच सुविधा दी जा रही है। सीएम ने कहा कि सिर्फ चिकित्सा ही नहीं बल्कि कई क्षेत्रों में राज्य देश के अन्य राज्यों से आगे है। नीति आयोग की ओर से सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स में राज्य प्रथम रहा। बेरोजगारी कम करने व रोजगार देने में राज्य अव्वल रहा। बाहरी निवेश में प्रथम पांच, स्टॉर्ट अप व ईज ऑफ डूइंग में भी अग्रणी संख्या में हैं। इस अवसर पर उन्होंने आईएमए के नवनियुक्त चेयरमैन डॉ केसी शर्मा को पटका भी पहनाया। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ के सी लोहानी , डॉ पंकज गुप्ता , डॉ अरुण कपूर , डॉ के सी शर्मा डॉ संजय जुयाल , डॉ प्रदीप पांडेय , डॉ मोहन सती , डॉ मोहन तिवारी, डॉ संदीप अग्रवाल , डॉ नीलांबर भट्ट डॉ जे एस भंडारी आदि मौजूद रहे।





# तराई में ग्रीष्मकालीन धान की खेती पर प्रतिबंध

## डीएम ने जनपद में कृषकों एवं कृषक संगठनों के साथ बैठकें आयोजित कर मक्का और गन्ने की खेती के लिए किया प्रेरित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि जनपद में 1.08 लाख हैक्टेयर कृषि भूमि



में खरीफ मौसम में मुख्य रूप से धान की खेती की जाती है। कृषकों के द्वारा अतिरिक्त कृषि आय के सृजन हेतु जायद फसल के मौसम में लगभग 20 से 22 हजार हैक्टेयर कृषि भूमि में ग्रीष्मकालीन धान की खेती की जा रही है, जो कि पर्यावरण के दृष्टिकोण से हानिकारक है। उन्होने बताया कि ग्रीष्मकालीन धान की खेती करने से भूमिगत जलस्तर का लगातार गिरना एवं जल की गुणवत्ता का भी प्रभावित होना, मृदा का स्वास्थ्य प्रभावित होना, मृदा में कड़ी परत का बनना, वर्ष में दो बार पडलिंग से मिथेन गैस का उत्पन्न होना, खरीफ की मुख्य फसल धान में कीट एंव रोगों का प्रकोप अधिक होने से मुख्य फसल के उत्पादन लागत में काफी वृद्धि होना एवं फसल में रसायन अवशिष्ट का अधिक हो जाना आदि विभिन्न प्रकार से पर्यावरण को नुकसान पहुँच रहा है। उन्होने बताया कि जनपद के तीन विकास खण्ड जसपुर, काशीपुर, बाजपुर रेड जोन में हैं, जहां पानी का जलस्तर काफी नीचे चला गया है। जनपद के अन्य विकास खण्डों का भी जल स्तर काफी तेजी से नीचे जा रहा है, यदि यही स्थिति रही तो समस्त जनपद में भूमिगत जल स्तर काफी नीचे चले जाने की अत्यधिक सम्भावना है। जिलाधिकारी ने बताया कि ग्रीष्मकालीन धान की खेती को रोकने एवं विकल्प के रूप में अन्य फसलों जैसे ग्रीष्मकालीन मक्का एवं गन्ना फसल की पैदावार को बढ़ावा दिये जाने हेतु जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग द्वारा दिनांक 16 मई 2024, 27 अगस्त, 2024, 12 सितम्बर, 2024 एवं 18 अक्टूबर, 2024 को जनपद में कृषकों एवं कृषक संगठनों के साथ बैठकें आयोजित की गयीं, जिसमें जनपद के विभागीय अधिकारियों एवं विभिन्न संस्थानो से आये वैज्ञानिकों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर मक्का लगाने को लेकर कृषकों एवं कृषक संगठनों के द्वारा सुझाव दिये गये हैं कि मक्का उत्पादन हेतु मक्का बीज, बुबाई व कटाई हेतु यंत्रों पर अनुदान उपलब्ध कराया जाय, कटाई के समय नमी प्रतिशत अधिक होने पर भी विक्रय सुनिश्चित किया जाये, तो कृषक ग्रीष्मकालीन धान की खेती के स्थान पर ग्रीष्मकालीन मक्का की खेती कर सकते हैं। उन्होने बताया कि ग्रीष्मकालीन मक्का की खेती को प्रोत्साहित किये जाने हेतु मक्का फसल की विक्रय व्यवस्था हेतु जनपद में स्थापित ईथेनोल उत्पादक फर्म के साथ चर्चा कर फर्म के द्वारा मक्के की गुणवत्ता के आधार पर भारत सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम०एस०पी०) पर मक्का (14 प्रतिशत नमी) पर क्रय करने की सहमति प्रदान की गयी, जिसके लिये कृषक एवं ईथेनोल उत्पादक फर्म के मध्य एम०ओ०यू० किये जा रहे है। गन्ने की फसल को बढ़ावा दिये जाने हेतु वर्तमान में जनपद में स्थापित चीनी मिलों को उच्चिकृत किया गया है एवं चीनी मिलों द्वारा कृषकों को समय पर उनके उत्पाद का भुगतान किये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है। ग्रीष्मकालीन हाइब्रिड मक्का फसल की पैदावार को बढ़ावा दिये जाने हेतु मक्के की बुवाई से लेकर उसकी कटाई में प्रयोग होने वाले यंत्रों को कृषकों को उपलब्ध कराये जाने की भी व्यवस्था की जा रही है। जिलाधिकारी ने बताया कि 18 अक्टूबर 2024 को जनपद में कृषकों एवं कृषक संगठनों के साथ आयोजित बैठक में इस सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की गयी एवं बैठक में उपस्थित समस्त कृषकों एवं कृषक संगठनों द्वारा ग्रीष्मकालीन धान की खेती न करने हेतु संकल्प भी लिया गया। जिलाधिकारी ने ग्रीष्मकालीन धान की खेती से होने वाले दुष्प्रभावों के दृष्टिगत जनपद में धान की बुवाई, नर्सरी एवं रोपाई को तत्काल प्रभाव से प्रतिबन्धित किया है। उन्होने कहा है कि दलदली एवं जल भराव वाली कृषि भूमि जहां पर गन्ने एवं ग्रीष्मकालीन मक्के का उत्पादन अच्छा नहीं हो सकता है, ऐसी कृषि भूमि वाले किसान मुख्य कृषि अधिकारी के माध्यम से अनुमति प्राप्त करेंगे। इस आदेश के विरुद्ध प्रतिवेदन 30 दिवस के अर्न्तगत मुख्य कृषि अधिकारी के कार्यालय में किया जा सकता है।

# डांस टैलेंट हंट में आरएएन स्कूल के बच्चों ने मचाया धमाल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।आरएएन पब्लिक स्कूल में कक्षा एक से पाँच तक के विद्यार्थियों का डांस टैलेंट हंट का आयोजन धूमधाम से किया गया।जिसमें फाइनल राउंड में चयनित सभी छात्र-छात्र-छात्राओं ने अपनी धमाकेदार प्रस्तुति दी।नृत्य प्रतियोगिता का आरंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया,जिसमें विद्यालय की प्रबंधिका श्रीमती निधि राय,मुख्य अध्यापिका श्रीमती मेघना गुप्ते, अध्यापक गण व समस्त अभिभावक गण उपस्थित रहे।तत्पश्चात मुख्य अध्यापिका श्रीमती मेघना गुप्ते ने मुख्यातिथि शीना ठुकराल व दीप्ती को हरित चिह्न देकर सम्मानित किया व सभी अतिथियों का स्वागत किया । कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए क्रमशः कक्षा एक व दो के छात्रों ने अस्सी के दशक पर, कक्षा तीन व चार ने त्योहारों पर व कक्षा पाँच के छात्र-छात्राओं ने लोकनृत्य और अर्द्ध शास्त्रीय नृत्यो पर जोरदार प्रस्तुति दी। डांस टैलेंट हंट परिणाम की घोषणा कार्यक्रम की निर्णायक शास्त्रीय नृत्यांगना सुश्री दीप्ति ने की।जिसमें कक्षा एक की श्रृंखला में अजूनी,मनकीरत व अशमीत क्रमशः प्रथम,द्वितीय ,तृतीय रहे।कक्षा दो व तीन की श्रृंखला में कक्षा दो ने अपनी धमाकेदार प्रस्तुति दी। जिसमें कक्षा दो की समृद्धि प्रथम, कृशिका द्वितीय व पविका तृतीय रहीं।कक्षा चार व पांच की श्रृंखला में रूहानी अरोरा प्रथम,याशिका मुंजाल द्वितीय व अराध्या सिंह तृतीय रहीं।इसी रोमांचक प्रस्तुति के अंतर्गत कक्षा तीन की कृपा ठुकराल व चार के सात्विक द्विवेदी को सांत्वना पुरस्कार मिला। इसके अतिरिक्त कक्षा एक काशवी,कक्षा तीन अनवि,कक्षा चार कान्हा किशोर को सर्वश्रेष्ठ परिधान का पुरस्कार प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के अंत में मुख्यातिथि श्रीमती शीना ठुकराल ने सभी छात्रों के नृत्य की प्रशंसा करके उनका उत्साह बढ़ाया।





# वार्षिकोत्सव में सीडी बत्रा फाउंडेशन स्कूल के बच्चों ने मचाया धमाल

## नन्हें मुन्हें बच्चों का नृत्य देख अभिभावक हुए मंत्रमुग्ध




रुद्रपुर। ऑक्सफोर्ड एकेडमी के प्रांगण में सी डी बत्रा फाउंडेशन स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परिसर को रंग बिरंगी रंगोली फूलों एवं अन्य संसाधनों से सुसज्जित किया गया था। वार्षिकोत्सव के इस समारोह में छोटे-छोटे बच्चों द्वारा मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिन्हें देखकर उपस्थित सैकड़ों अभिभावक व अतिथिगण मंत्रमुग्ध होकर तालियां बजते हुए स्वयं भी थिरकने लगे। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती वर्षा चंद्रकांत घरोटे (प्रमुख अखिल भारतीय छात्रावास ), विशिष्ट अतिथि सी के जोशी (पूर्व प्रमुख कोच उत्तराखंड पुलिस ), विद्यालय के प्रबंधक रोहतास बत्रा, वैभव बत्रा एवं श्रीमति मितिका बत्रा, प्राचार्य श्रीमती नताशा गिल आदि गणमान्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती देवी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया। तत्पश्चात बच्चों द्वारा आकर्षक नृत्य के साथ गणेश वंदना कर वार्षिकोत्सव का विधिवत शुभारंभ किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य कार्यक्रमों में छोटा बच्चा जान कर हमको न बहलाना रे, रेट्रो मैश अप, बॉलीवुड मैशअप, ट्रिब्यूट टू पेरेंट्स, पर्यावरण सुरक्षा से संबंधित लघु नाटिका का मंचन,श्री कृष्ण के जीवन की विभिन्न झांकियां को दर्शाती कृष्ण लीला, उत्तराखंड की लोक संस्कृति को दर्शाता पहाड़ी नृत्य, पाश्चात्य संस्कृति की पहचान रिबन डांस रानी लक्ष्मी बाई के अदम्य शौर्य, साहस व वीरता को दर्शाता रानी लक्ष्मीबाई की गाथा, ऑक्सफोर्ड एकेडमी द्वारा इनविजिबल बाय प्ले एवं देवी के रूपों को दर्शाता वैष्णो देवी, पंजाब की मिट्टी की खुशबू की महक व उसकी संस्कृति को दर्शाता पंजाबी भांगड़ा, इसके अतिरिक्त छोटे-छोटे बच्चों द्वारा वाद्य यंत्रों से जीना यहां मरना यहां एक सूक्ष्म गीत, इंग्लिश सॉन्ग और फ्रेंच भाषा की पहचान कराता फ्रेंच सॉन्ग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इसके अतिरिक्त शारीरिक क्षमता व कला को दर्शाता कराटे जिसके अंतर्गत बच्चों ने पिरामिड बनाकर व आग के गोले से कूद कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती वर्षा चंद्रकांत घरोटे (प्रमुख अखिल भारतीय छात्रावास ) ने बालकों द्वारा किए गए मनमोहन कार्यक्रमों की सराहना करते हुए सभी बच्चों का उत्साह- वर्धन कर उन्हें आर्शीवाद दिया। विशिष्ट अतिथि सी के जोशी (पूर्व प्रमुख कोच उत्तराखंड पुलिस ) ने सभी बालकों के कार्यक्रमों की सराहना की और उन्हें अपना आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक रोहतास बत्रा, वैभव बत्रा एवं श्रीमति मितिका बत्रा ने अपने संबोधन में सभी अतिथिगणों एवं अभिभावकगणों का स्वागत करते हुए उनके कार्यक्रमों को सबको सफल बनाने हेतु सभी बालकों का अध्यापकों का अभिभावकों का व अतिथि गणों का आभार व्यक्त किया।इसके अतिरिक्त ऑक्सफोर्ड एकेडमी के प्रधानाध्यापक श्री नेगी ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती नताशा गिल ने समस्त आगुंतको ऑक्सफोर्ड एकेडमी विद्यालय परिवार, सी. डी बत्रा फाउंडेशन विद्यालय परिवार सभी का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय की विभिन्न क्षेत्रों में प्राप्त उपलब्धियों को बताया और भविष्य में भी निरंतर विद्यालय को असीम ऊंचाइयां तक ले जाने के लिए अपनी प्रतिज्ञाबद्धता को दर्शाते हुए आश्वासन दिया। अंत में श्रीमती अंजलि शर्मा ने समस्त दर्शकगणों वअतिथि गणों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए धन्यवाद प्रेषित किया





# सेवानिवृत्त होने पर उदय राज सिंह को दी भावभीनी विदाई




रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला अधिकारी उदयराज सिंह के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन कलेक्ट्रेट परिसर में किया गया। ओसी कलेक्ट्रेट गौरव पांडेय ने वर्ष 1997 में उ. प्र. प्रांतीय सिविल सेवा के माध्यम से सेवा में आने से वर्तमान में जिलाधिकारी के पद पर किये गये कार्यों का सम्पूर्ण विवरण दिया। उन्होंने बताया कि श्री सिंह पहले ऐसे आई.ए.एस हैं, जिन्हें 3 माह का सेवा विस्तार मिला। विदाई समारोह में जनपद के सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने जिला अधिकारी को पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह व शॉल आदि भेंट कर सम्मानित किया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि मुझे बहुत खुशी व संतुष्टि है कि आप सभी के प्रयासों व मेहनत से मैं इस जनपद में बेहतर कार्य कर सका। उन्होंने कहा कि आपके अच्छे प्रदर्शन व फीडबैक के बदौलत ही शासन द्वारा मुझे सेवा विस्तार देने का निर्णय लिया गया। उन्होंने सभी को धन्यवाद करते हुए कहा कि जनता के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए सभी जिला स्तरीय अधिकारियों, उपजिलाधिकारियों व कर्मचारियों ने मेरा भरपूर साथ दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि गरीब, किसान व जनता के हितों में कार्य करते हुए उनका उत्थान करना ही उपलब्धि है।उन्होंने कहा कि ऊधम सिंह नगर का विकास प्रदेश के भविष्य से जुड़ा है, कृषि, उद्योग व रोजगार के साथ ही पर्यटन व सांस्कृतिक विकास के क्षेत्र में कार्य करते रहने की आवश्कता है।विदाई समारोह में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने जिलाधिकारी द्वारा किये गए सभी कार्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जिलाधि कारी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में इस जनपद की दशा, दिशा व गति को बल मिला है। उन्होंने बताया कि कृषि, लैंड रिफॉर्म, पर्यावरण एवं स्वच्छता आदि सभी क्षेत्रों में जिलाधिकारी द्वारा उत्कृष्ट कार्यों की बदौलत यह जनपद बीस सूत्रीय कार्यक्रम में न सिर्फ पहले स्थान पर आया बल्कि लगातार प्रथम स्थान पर बना हुआ है। उन्होंने बताया कि आकांक्षी जनपद कार्यक्रम में भी जिलाधिकारी महोदय के नेतृत्व में बेहतर कार्य किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी ने स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए सभी की ओर से जिलाधिकारी को अग्रिम भविष्य हेतु शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में जिलाधिकारी के भाई प्रोफेसर संघसेन सिंह भी समारोह में शामिल हुए। विदाई एवं सम्मान समारोह में जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा, वीसी प्राधिकरण जय किशन, अपर जिलाधिकारी अशोक जोशी, पंकज उपाध्याय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज शर्मा, नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल,विवेक राय, संयुक्त मजिस्ट्रेट गदरपुर आसिमा गोयल, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, मुख्य कोषाधि कारी डॉ. पंकज शुक्ल, उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, कौस्तुभ मिश्र, अभय प्रताप सिंह, गौरव चटवाल, राकेश तिवारी, परियोजना निदेशक हिमांशु जोशी सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी, किसान संगठन, सिडकुल एसोसिएशन व कलेक्ट्रेट कर्मचारी, आदि उपस्थित थे।

# ट्रेन की चपेट में आने से श्रमिक गंभीर

रामनगर(उद संवाददाता)। ग्राम पीरुमदारा क्षेत्र में हिम्मतपुर ब्लॉक के समीप रेलवे पटरी के किनारे ट्रेन की चपेट में आने से एक श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए पुलिस द्वारा 108 एंबुलेंस की मदद से रामनगर की सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया जहां घायल श्रमिक की हालत गंभीर होने के बाद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के करने के उपरांत उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। मूल रूप से बिहार निवासी 28 वर्षीय लाल बाबू अपने परिवार के



साथ हिम्मतपुर ब्लॉक में रहता था तथा यहीं पर मजदूरी करता था उसके पिता राम उदगार ने बताया कि उसका पुत्र सुबह मजदूरी पर नहीं गया था तथा घर से बिना बताए चला गया था उन्होंने बताया कि कुछ देर बाद किसी के द्वारा पता चला कि उसका पुत्र हिम्मतपुर में रेलवे क्रॉसिंग पर स्थित रेलवे पटरी पर घायल अवस्था में पड़ा है इसके बाद वह मौके पर पहुंचा तो वही घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस में घायल लाल बाबू को उपचार के लिए रामनगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां उसकी हालत गंभीर होने के बाद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# ऑटोमेटिक टेस्ट ड्राइविंग ट्रैक के लिए भूमि चिह्नित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। परिवहन विभाग ने राजस्व विभाग के सहयोग से ऑटोमेटिक टेस्ट ड्राइविंग ट्रैक के लिए जगह जमीन चिह्नित कर ली है। अब एक जगह और जमीन तलाशी जा रही है। जो जमीन उपयुक्त होगी, उस पर ट्रैक का निर्माण किया जाएगा। परिवहन विभाग ने करीब छह माह पूर्व ऑटोमेटिक टेस्ट ड्राइविंग ट्रैक के लिए जमीन उपलब्ध कराने के लिए डीएम को प्रस्ताव भेजा था। डीएम के निर्देश पर राजस्व विभाग ने नगर के एएन झा इंटर कॉलेज के पास नौ एकड़ जमीन चिह्नित की है। विकल्प के तौर पर एक और जगह जमीन की तलाश की जा रही है। जो भी भूमि उपयुक्त होगी, उस पर ऑटोमेटिक टेस्ट ड्राइविंग ट्रैक बनाने के लिए डीपीआर तैयार की जाएगी। वर्तमान में एआरटीओ कार्यालय परिसर में संकरे ट्रैक पर ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन करने वालों का टेस्ट लिया जाता है। ऑटोमेटिक ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक में ऑटोमेटिक तरीके से ड्राइविंग लाइसेंस के लिए आवेदन करने वाले आवेदकों का टेस्ट लिया जाता है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन चक्रपाणि मिश्र का कहना है कि एएन झा इंटर कॉलेज के पास की जमीन के साथ ही एक और जगह जमीन तलाशने का काम चल रहा है। जो भी जमीन उपयुक्त होगी, उस पर ट्रैक निर्माण की कार्यवाही आगे बढ़ाई जाएगी। ट्रैक का निर्माण होने से लोगों को राहत मिलेगी।

# बेहड़ ने कलकत्ता चौकी में किया विकास कार्यों का किया लोकार्पण



किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने विधायक निधि से निर्मित कराये गए ग्राम नजीमाबाद के कलकत्ता चौकी में इंटर लॉकिंग टाईल का उद्घाटन पुलिस विभाग के अधिकारियों व ग्रामीणों की मौजूदगी में फीता काटकर किया। इस दौरान विधायक बेहड़ ने कहा कि पुलिस विभाग जो कि दिन रात समस्त क्षेत्रवासियों की सुरक्षा व सेवा करती है इनका सहयोग करना भी हमारी नैतिक जिम्मेदारी बनती है। पूर्व में भी पुलिस विभाग द्वारा किच्छा नगर की सुरक्षा हेतु सी०सी० टीवी कैमरे लगाए जाने की मांग की गयी थी तथा 15 लाख रुपया उन्होंने अपनी विधायक निधि से तत्काल जारी भी किया था। इसी क्रम में 5 लाख की लागत से कलकत्ता चौकी में टाइल्स के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया और आगे भी यदि पुलिस विभाग द्वारा कोई विकास हेतु प्रस्ताव दिया जाता तो वे अवश्य पूरा सहयोग करेंगे।इससे पूर्व पुलिस विभाग के अधिकारियो द्वारा विधायक बेहड़ का कलकत्ता चौकी में पहुचने पर बुके देकर स्वागत किया गया।इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तम सिंह नेगी,पुलिस क्षेत्राधिकारी सितारगंज बहादुर सिंह,कोतवाल किच्छा धीरेन्द्र कुमार,कलकत्ता चौकी इंचार्ज धीरेन्द्र पन्त,कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी ,निवर्तमान किच्छा नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली,राजेश प्रताप सिंह,ओम प्रकाश दुआ,बलदेव सिंह, बलवंत माणिक्य,गुलशन सिन्धी, राजपाल सिंह ,गौरव बेहड़,सुंदर सिंह, जसविन्द्र सिंह, सोनी सिंह,विक्रम कोरंगा, जमालुद्दीन, अफ्फाख खा,शंकर यादव, नकुल कैडा, रिजवान निक्की आदि लोग उपस्थित रहे।

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## प्रदूषण पर अंकुश

विकासशील देशों में प्रदूषण ने इंसान के सामने कैसी चुनौतियां खड़ी कर दी हैं, यह सब जानते हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस समस्या से लड़ने के लिए बैठकें होती हैं, हर वर्ष नए उपाय बताए जाते हैं। मगर विडंबना है कि इस समस्या की गंभीरता और इसके कारणों के बिल्कुल स्पष्ट होने के बावजूद उससे निपटने के लिए ठोस कदम उठाना जरूरी नहीं समझा जाता। यही वजह है कि अब इस समस्या के बढ़ते दायरे ने व्यापक तबाही के संकेत देने शुरू कर दिए हैं। हालांकि हवा में जहर घुलने से कई तरह की बीमारियों की चपेट में लोगों के आने के तथ्य एक बड़ी चुनौती बनते जा रहे हैं और इस हकीकत से मुंह मोड़ना अब संभव नहीं रह गया है। मगर हाल के वर्षों में जंगलों में लगने वाली आग की वजह से हवा में जो प्रदूषण घुल रहा है, उससे भारी संख्या में लोगों की जान जा रही है। स्वास्थ्य पत्रिका 'द लैंसेट' में प्रकाशित एक अध्ययन में इससे संबंधित जो ब्योरा सामने आया है, वह इसकी गंभीरता को रेखांकित करने के लिए काफी है। गौरतलब है कि जंगलों और घास के मैदानों में लगने वाली आग और प्रदूषण से सांस संबंधी बीमारियों के कारण हर वर्ष लगभग साढ़े चार लाख लोगों की जान चली जाती है। इनमें नब्बे फीसद से ज्यादा मौतें निम्न और मध्यम आयवर्ग वाले देशों में होती है। अध्ययन में आशंका जताई गई है कि जंगल में आग की घटनाओं में बढ़ोतरी के साथ-साथ मरने वालों की संख्या में भी इजाफा होता जाएगा। ऐसी समस्या से निपटने के लिए विकसित देशों की ओर से विकासशील देशों को आर्थिक और तकनीकी मदद उपलब्ध कराने की जरूरत पर जोर दिया जाता रहा है, लेकिन समृद्ध देश हर ऐसे मौके पर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेते हैं। हैरानी की बात है कि विज्ञान और तकनीकी के क्षेत्र में चरम विकास के दौर में भी जंगल में आग की घटनाओं से पार पाना एक चुनौती बनी हुई है। सवाल है कि जब तक इस समस्या पर प्राथमिकता के साथ काम नहीं किया जाएगा, तब तक इसके हल का रास्ता निकालना कैसे संभव होगा।

# टीएमयू पैरामेडिकल डिप्लोमा स्टुडेंट्स का संगम में जलवा

मुरादाबाद (उद संवाद)।तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के सभी डिप्लोमा की फेयरवेल और फ्रेशर्स पार्टी- संगम समारोह में डीएलटी के आशीष चौहान, ओटी के दीपक, डायलिसिस के अब्दुल्ला, कार्डियो के मिस्टर हमजा को मिस्टर फेयरवेल और डीएलटी की कृतिका, ओटी की ज्योति कुमारी को मिस फेयरवेल चुना गया। दूसरी ओर डीएलटी के सचिन, ओटी के मयंक, ऑप्टोमेट्री के अहमद रजा, एमआरआई के ओवेश डायलिसिस के हिमांशु मिस्टर फ्रेशर्स तो डीएलटी की मीनाक्षी, ओटी की हिमानी, ऑप्टोमेट्री की सना खान, एमआरआई की शिखा, कार्डियोलॉजी की रिद्धि, एनेस्थेसिया की अनमता, डायलिसिस की अंशिका मिस फ्रेशर्स बनीं। ओटी के सलमान मलिक और एनेस्थीसिया की रूही को गायन, ऑप्टम की श्रुति और सुहैल खान को नृत्य, डायलिसिस के अब्दुल कादिर को एंकरिंग और ओटी के अर्पित श्रीवास्तव को प्रशासन के लिए बेस्ट परफॉर्मर के खिताब से नवाजा गया। इससे पूर्व कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज के प्राचार्य एवम् चीफ प्रॉक्टर प्रो. सुशील कुमार सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि, कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के प्राचार्य प्रो. नवनीत कुमार आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके फेयरवेल और फ्रेशर्स पार्टी का शुभारम्भ किया। फेयरवेल और फ्रेशर्स के चयन मंडल में मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी की एचओडी डॉ. रुचिकांत और श्रीमती कंचन गुप्ता शामिल रहीं। स्टुडेंट्स कृतिका चौहान ने मंगलाचरण पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुत देकर कार्यक्रम का शंखनाद किया। डायलिसिस के स्टुडेंट्स हर्षित और नंदिनी ने तेरा रंग बल्ले बल्ले.., श्रुति ने झुमका गिरा रे... और अनामिका एंड अर्पित ने कजरा रे...पर नृत्य प्रस्तुत कर सभी को थिरकने पर मजबूर कर दिया। ऑप्टोमेट्री की आराध्या ने सरारा सरारा.., ओटी के वंश और एलटी की दामिनी ने आंखें खुली हो या हो बंद..., फहाद और सिद्रा ने मैं अगर कहूं... और रिद्धि शर्मा ने क्रेजी किया रे... पर नृत्य प्रस्तुत करके खूब तालियां बटोरीं। स्टुडेंट्स मोहित, खुशी, गरिमा, सत्यम और फिलोस ने इलाही..., अनमता और रुही ने मैं तेनू समझावा की... आदि गीतों से समा बांधा दिया। आरआईटी के अदनान ने रात आई है मुझे पीने दो... और डायलिसिस की तबिश बतूल ने वास्ते... गीत पर खूब वाहवाही लूटी। ऑर्थो के मोहम्मद तौफीक, मोहम्मद शमी और ओटी के फरहाद अख्तर ने अपनी शायरी से सभी का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में एचओडी राकेश कुमार यादव, रवि कुमार, अमित बिष्ट, फैकल्टीज डॉ. अर्चना जैन, डॉ. आभा तिवारी, मिस अंजली रानी, मिस साक्षी बिष्ट, बैजनाथ दास, सौरभ सिंह बिष्ट, पिनाकी अदक, श्रीमती शिखा पालीवाल, श्री सौरभ दे, मिस जूही यादव, मिस श्रेया ठकराल, मिस अपूर्वा सिंह, मिस सौम्या त्रिपाठी, रोशन कुमार, दीपक कटियार, श्रीमती प्रियंका सिंह, मिस ममता वर्मा, योगेश कुमार, मिस वर्षा राजपूत, मिस प्राची सिंह, शिवम अग्रवाल के संग-संग डिप्लोमा के 250 छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। संचालन स्टुडेंट्स अब्दुल कादिर और अनम्ता सिद्दीकी ने किया।



# विशाल भंडारे के साथ धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का समापन

मुम्बई (उद संवाददाता)।देवभूमि लोक कला उदगम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा विगत 2 वर्षो की भांति इस वर्ष भी 20 नवंबर से 29 नवंबर 2024 तक मुंबई में सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक नव दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत कथा का कार्यक्रमों के माध्यम से श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन कर माँ भगवती नंदादेवी की डोली के दर्शन के साथ भागवत कथा एवं भजनों के माध्यम से सेकड़ों लोगों को मानसिक शांति पहुंचाने का कार्य देवभूमि ट्रस्ट दिवसीय सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से देवभूमि ट्रस्ट ने 09 दिनों तक सुबह से रात तक महाभंडारे का आयोजन कर कई लोगों की थाली तक अन्न पहुंचाने का कार्य किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में (राधे-राधे) प्रेमसिंह गुसांई, श्रीमती पीतांब गुसाईं, श्रीमती जसवंती सौंन, श्रीमती नलिनी बहादुर मेहता, श्रीमती सुनीता जोशी, श्रीमती नीलम सौंन, श्रीमती दीपा भट्ट, श्रीमती अनुपमा पांडे, रवी पांडे, फकीरसिंह बिष्ट, बहादुरसिंह ट्रस्ट, गंगोत्री मित्रमण्डल, आदिशक्ति भजन मंडली के साथ समस्त महिलामण्डलों,भजनमंडलियों उत्तराखंडी समाज, उत्तरभारतीय भोजपू समाज, पंजाबी सिख समाज, राजस्थानी मारवाड़ी जैन समाज, महाराष्ट्रीयन समाज, बंजारा नगरसेवक आकाश मढ़वी, नगरसेवक मनोज हलदनकर,नगरसेवक राजू पाटिल, समाजसेवक नरेंद्र कोटकर, समाज सेवक रमाकांत पाटिल, समाजसेविका श्रीमती उषा पाटिल, प्रभाकर भट्ट एवं अन्य गणमान्य







आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से कई जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा में मदद की गयी, समस्त जाति धर्म के लोगों के लिए मुफ्त में स्वास्थ्य चिकित्सा जांच शिविर, रक्तदान शिविर, योग व ध्यान शिविर का आयोजन कर समाजहित में कार्य किया। धार्मिक द्वारा किया गया। श्रीमद् देवी भागवत कथा के व्यासजी आचार्य शिव स्वरूप नौटियालजी एवं ग्रुप, आचार्य पुनित रतूड़ी, पंडित विनोद चिलकोटी ग्रुप ने ऋषिकेश से मुंबई पधारकर समस्त भक्तगणों को अपने कथा वाचन एवं भजनों से मनमुग्ध कर दिया। इस नव आप सभी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।ट्रस्टी एवं संस्थापक दिवानसिंह रामसिंह सौंन, श्रीमती दीपा दिवान सौंन, दिलवरसिंह रावत, योगेंद्र बिष्ट, विक्रम रामसिंह सौंन श्रीमती गायत्री बिष्ट चिलवाल, श्रीमती नीलम शर्मा, महेंद्र सुखदेव सिंघवी, जसवंतसिंह गुसांई मेहता, पूरनचंद्र पांडे, पूरनसिंह सौंन, सुरेश उपाध्याय, मोहनसिंह सौंन, वलवंतसिंह नेगी, रमेश भट्ट, वसंत भट्ट, विजयसिंह रौथाण वृजमोहन बिष्ट, संजय खडायत के साथ समस्त देवभूमि लोक कला उदगम आर्टिस्ट वेल्फेयर एसोसिएशन, जै माँ नंदादेवी चौरिटेबल समाज, उड़ीसा समाज एवं दक्षिण भारतीय समाज के लोग सामिल रहे। समस्त समाज द्वारा आयोजित धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सफल आयोजन में नवी मुंबई से पूर्व सांसद संजीवजी नाइक, विजयजी चौगुले, समाजसेवक सुरेश राणा, भक्तगण उपस्थित रहे इस महायज्ञ में उत्तराखंड के सुप्रसिद्ध लोकगायक रोहित चौहान, उत्तरभारत समाज की लोकगायिका श्रीमती किरनसिंह और महाराष्ट्र समाज के दिव्यांग लोकगायक बाबूराव जाधव ने भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तगणों को मंन्द्रमुग्ध कर दिया ।

# टैक्सी बाईक के संचालन के लिए एसओपी बनाई जायेगी : डीएम

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम ने दिये आवश्यक दिशा निर्देश

हल्द्वानी(उद संवाददाता)।जिलाधिकारी वंदना ने देर साय कैंप कार्यालय में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में डीएम ने कहा कि नैनीताल में टैक्सी बाइक का सत्यापन किया जायेगा। साथ ही टैक्सी बाइक के संचालन के लिए एसओपी बनाई जायेगी। नैनीताल नगर में व्यापार मंडलों के साथ विचार विमर्श कर रोड सेफ्टी टीम नो बाइक मार्ग तय करेगी। निर्धारण के पश्चात ऐसे मार्ग सिर्फ पैदल चलने वालों के लिए आरक्षित किए जायेंगे। जिलाधिकारी वंदना ने बैठक में उपस्थित सड़क निर्माण संस्था एनएचएआई के अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद अंतर्गत उनके अधीन मार्गों में सुरक्षा के दृषिगत समय से सड़क के गड्ढों को भरने, सड़क किनारे रोड सेफ्टी का कार्य तत्परता के साथ करें। हल्द्वानी नगर में संचालित ऑटो चालक, ई-रिक्शा चालक और उनके वाहनों का सत्यापन, ड्रेस कोड,आई कार्ड वितरण कार्य लगभग पूर्ण हो गया है। ऐसे ई-रिक्शा/ऑटो चालक जिन्होंने अपना सत्यापन नहीं कराया है और ई-रिक्शा/ऑटो का संचालन कर रहे हैं उनके विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने संभागीय परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि हल्द्वानी की तर्ज पर नैनीताल नगर में भी टैक्सी बाइक चालकों और उनके वाहनों का सत्यापन कार्य किया जाए। ऐसे वाहन चालक जो ओवरलोडिंग करते हैं या ओवर स्पीड से वाहन चलाते हैं या नशा करके वहां चलते हैं और यातायात नियमों का उल्लंघन करते हैं उनके चालान के साथ-साथ वाहन सीज करने का कार्य भी किया जाए और आवश्यक होने पर ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करने का कार्य भी किया जाए। ऐसे चालक जो माल वाहक वाहनों में सवारी लाने ले जाने का कार्य कर रहे हैं, उनके विरुद्ध भी आवश्यक कार्यवाही की जाए। सड़क पर बने डिवाइडरों के बीच जनता के आने-जाने के लिए जगह-जगह बनाए गए कट ऑफ के कारण दुर्घटनाओं की संभावना देखते हुए, काम करने के लिए जिलाधिकारी ने पुलिस, आरटीओ, एसडीएम हल्द्वानी, ब्रीडकुल, पीडब्ल्यूडी के सदस्यों को सम्मिलित कर टीम गठित करने के लिए कहा। इस टीम के सदस्य यह निर्णय करेंगे की सड़क पर डिवाइडर के मध्य कट किस स्थान पर लगाया जाना उचित होगा और कट वाले स्थानों पर सड़क सुरक्षा के अन्य उपाय किए जाएंगे। बैठक में जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद अंतर्गत सड़क किनारे विद्यालयों के आस पास स्पीड ब्रेकर लगाए जाने के लिए कहा। जिसके लिए जिलाधिकारी ने हल्द्वानी के सभी विद्यालयों की सूची मुख्य शिक्षा अधिकारी से प्राप्त करने के लिए निर्देशित किया। लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण निर्माण विभाग, परिवहन विभाग, एनएच, पुलिस विभाग आदि संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



# महेश मुरादिया के निवास पर पहुंचे सौरभ बहुगुणा

गदरपुर (उद संवाददाता)।निकटवर्ती ग्राम सीतापुर निवासी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता महेश कुमार मुरादिया के निवास पर केबिनेट मंत्री सौरव बहुगुणा का भव्य स्वागत किया गया।केबिनेट मंत्री सौरव बहुगुणा के पहुचने पर पुष्प माला पहनाकर एवं जोरदार नारेबाजी करते हुए कार्यकर्ताओ ने माहौल को भाजपामयी किया तो वही केबिनेट मंत्री बहुगुणा ने महेश मुरादिया के परिवार से मुलाकात कर अपने पुराने समय की बातों को सांझा किया।वही केबिनेट मंत्री बहुगुणा के पहुंचने पर महेश मुरादिया ने खुशी जाहिर करते हुए कहा



कि भाजपा हमारा परिवार है और परिवार में अपनो से मिलने पहुचे सौरव बहुगुणा के आने की हमे खुशी है वही केबिनेट मंत्री सौरव बहुगुणा ने कहा महेश मुरादिया संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता है और उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला है आज लंबे समय के बाद उनसे मुलाकात कर उन्हें बहुत खुशी हुई है उन्होंने कहा संघ के वरिष्ठ जन ओर बुजुर्गों का आशीर्वाद लेने के लिए वह मुरादिया परिवार से मिलने पहुचे है। इस दौरान महेश कुमार मुरादिया, दीपक गण्डा,सुभाष ठुकराल, राकेश भुसरी,रजत अरोरा, अंकित कुमार,नरेश गण्डा,सुरेश खुराना, परमजीत सिंह पम्मा ,गुँजन अरोरा,नीलम रानी, सोनम अरोरा,रीमा अरोरा, टीना अरोरा,दीपा अरोरा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# सांस्कृतिक विरासत के साथ आधुनिक तकनीक को साथ लेकर चलना भी जरूरी: राज्यपाल

देहरादून/रुड़की(उद संवाददाता)। कुलाधिपति/राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को क्वॉन्टम विश्वविद्यालय, रुड़की, हरिद्वार के चौथे दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।राज्यपाल ने कहा कि आज का युवा अत्यधिक ऊर्जावान है। उन्होंने इस ऊर्जा के साथ अपने और रोबोटिक्स का है, इसके साथ ही, हमें अपनी सांस्कृतिक विरासत के साथ ही आधुनिक तकनीक को साथ लेकर चलना है। राज्यपाल ने मेडल पाने वाले में छात्राओं की अधिक संख्या को देखते द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की दिशा में कार्य करने के लिए अपने परिसर में विशेष व्यवस्था की है, यह छात्र-छात्राओं के लिए एआई की दिशा में अच्छा कदम है। उन्होंने विद्यार्थियों को की बात भी कही, और कहा कि सपने देखो और उन्हें पूरा करने में जुट जाओ। राज्यपाल ने सभी विद्यार्थियों से जोश के साथ विशेषज्ञता पर फोकस करने को कहा। इसके साथ ही नशे और ड्रग्स से सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते अपने गुरुजनों एवं माता-पिता के सपनों एवं आशाओं पर खरा उतरने की बात कही। इस अवसर पर क्वॉन्टम विश्वविद्यालय के कुलपति








प्रतिभाग किया। दीक्षांत समारोह के दौरान राज्यपाल ने छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक, ऑल राउंड परफॉर्मेंस के लिए प्रेसीडेंसी मेडल एवं डिग्रियां प्रदान कीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपने राष्ट्र के विकास में योगदान देने का आह्वान किया, और कहा कि इस पीढ़ी को राष्ट्र, समाज और परिवार के सपनों को पूरा करना है। उन्होंने कहा कि आज का समय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हुए इसे महिला सशक्तीकरण का अच्छा उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि महिलाएं लगातार आगे बढ़ते हुए राष्ट्र के विकास में अपना पूर्ण योगदान दे रही हैं।राज्यपाल ने विश्वविद्यालय जॉब क्रिएटर बनने की बात कही, और कहा कि किताबों से परे वास्तविक जीवन में भी अपनी पहचान बनानी पड़ेगी। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अनगिनत और असीमित सपने देखने दूरी बनाए रखने की बात कही। राज्यपाल ने कहा कि सीखना एक सतत प्रक्रिया है, हमें जीवनभर सीखना है। हमें अपनी कम्युनिकेशन स्किल्स को लगातार अपग्रेड करना चाहिए। उन्होंने प्रो. विवेक कुमार, विधायक श्री प्रदीप बत्रा, श्रीमती ममता राकेश एवं विश्वविद्यालय के संस्थापक श्री श्याम सुंदर गोयल सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे

# नहर में नवजात शिशु का शव मिलने से सनसनी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लालकुआं थाना क्षेत्रांतर्गत हल्दूचौड चौकी क्षेत्र के मोटहल्दू ग्राम में आज प्रात: सिंचाई विभाग की नहर में एक नवजात शिशु का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर वहां खड़े लोगों से आवश्यक जानकारी ली और शव अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम हाउस भिजवाया।संभावना व्यक्त की जा रही है कि किसी बिन ब्याही कलयुगी मां ने इस घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है। नवजात शिशु का शव मिलने की सूचना पर भारी संख्या में ग्रामीण भी इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों का कहना था कि सम्भव



बिनव्याही कलयुगी माँ ने नवजात को मारने के लिए फेका होगा। क्योंकि नवजात के नाल भी नही कटा था। जानकारी के अनुसार आज सुबह मोटाहल्दू स्थित गांव में खेतों में सिंचाई करते समय लोगों ने नहर में एक नवजात का शव पड़ा देखा। इसकी सूचना लोगों ने निवर्तमान ग्राम प्रधान सीमा पाठक को दी। उन्होंने मौके पर पहुंचने के बाद पुलिस को मामले से अवगत कराया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की तो नवजात का शव सिंचाई नहर में पड़ा हुआ था। जांच पड़ताल में पता चला कि नवजात बालक पूर्ण रूप से विकसित है और उसको कपड़े में लपेटकर फेंका गया है। प्रथम दृष्टि प्रतीत हुआ कि संभवत: बिन व्याही किसी कलयुगी माँ ने नवजात को मारने के लिए फेका होगा। क्योंकि नवजात के नाल भी नही कटा था।

# अलग अलग स्थानों से चोरों ने उड़ाई दो मोटरसाईकिल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नगर के दो अलग अलग स्थानों से अज्ञात वाहन चोरों ने दो मोटर साईकिलें चोरी कर लीं। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में संतोष कुमार सिंह पुत्र उमराव सिंह निवासी गली नंबर एक लोहिया नगर, फुलसुंगा, ट्रांजिट कैम्प ने कहा है कि 23 नवम्बर की दोपहर उसने अपनी मोटर साईकिल संख्या यूके 06एएन 6175 को घर के बाहर लॉक लगाकर खड़ा किया था। सांय काल जब घर के बाहर आया तो देखा उसकी मोटर साईकिल मौजूदा स्थान पर नही थी। वहीं मो. बसीम पुत्र सईद अहमद निवासी वार्ड 5 खेडा कॉलोनी ने रपट में कहा है कि 18 नवम्बर को रात उसने अपनी मोटर साईकिल संख्या यूके 06 बीए 4964 को अपने मां. हेल्थ केयर मेडिकल जोकि साई मंदिर के पास है के बाहर खड़ी करके मेडिकल में नाइट डयूटी पर था। जब सुबह उसने अपना वाहन देखा तो वह अपने स्थान पर मौजूद नहीं था। पुलिस ने दोनों मामलों की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# डॉक्टर को तीमारदार ने कुर्सी से खींचा

सितारगंज(उद संवाददाता)। उप जिला अस्पताल में तैनात डॉक्टर से तीमारदार की उपचार को लेकर झड़प हो गई। आपातकालीन ड्यूटी पर तैनाद डॉक्टर ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।उप जिला चिकित्सालय में तैनात डॉक्टर कुलदीप सिंह यादव का आरोप है वह अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात थे। तभी युवक कैंसर पीड़ित माता को लेकर अस्पताल पहुंचा। रात करीब साढ़े 11 बजे उपचार को लेकर युवक उनसे विवाद करने लगा और आरोपी ने उन्हें कुर्सी से नीचे खींच लिया।

# हमारे गांव आते आते, सड़क तुमने बहुत देर कर दी !

हल्द्वानी। पलायन का दंश झेल रहे मलान और मितड़ा गांव की कहानी विनोद कापड़ी की फिल्म पायर से जुदा नहीं है। इस गांव में अधेड़ और बुजुर्ग बचे हैं। हालांकि, दोनों गांवों के लिए अब सड़क बन गई है लेकिन यहां रह रहे बुजुर्गों का कहना है कि सड़क हमारे गांव आते-आते तुमने बहुत देर कर दी है। बंदरलीमा से मितड़ा तक बनी लगभग सात किलोमीटर लंबी सड़क पर वाहन नजर नहीं आते हैं। इक्का-दुक्का वाहन ही सप्ताह या माह में नजर आते हैं। शासन-प्रशासन की उपेक्षा के कारण पलायन की मार झेल रहे मलान व मितड़ा गांव के लोगों ने बड़ा संघर्ष झेला है। मलान में पहले केवल एक प्राथमिक विद्यालय हुआ करता था। पांचवीं कक्षा पास करने के बाद यहां के छात्र-छात्राओं को आठवीं के लिए चार किमी दूर गुड़ौली और हाईस्कूल, इंटर के लिए आठ किमी दूर कनालीछीना जाना पड़ता था। इन संघर्षों के बावजूद यहां के छात्रों ने अच्छे पदों पर नौकरियां पाईं। मलान गांव के अशोक जोशी वर्तमान में अपर जिलाधिकारी हैं। नवीन जोशी, जेपी जोशी सहित तमाम अन्य युवाओं ने इंजीनियरिंग में अच्छा मुकाम हासिल किया। मितड़ा के ओम प्रकाश पाटनी विदेश में चिकित्सा विशेषज्ञ हैं। इसके अलावा, गांव के कई युवा इंजीनियर, शिक्षक सहित अन्य पदों पर कार्यरत हैं। मलान गांव के सेवानिवृत्त शिक्षक पुष्कर



दत्त जोशी कहते हैं कि यदि समय पर गांव तक सड़क पहुंच जाती तो पलायन से इस तरह गांव खाली नहीं होते। वह कहते हैं कि गांव सड़क से जुड़ गए हैं तो आने वाले समय में कुछ लोग जरूर गांवों की ओर लौटेंगे। मलान, मितड़ा गांव फल उत्पादन की दृष्टि से उपयुक्त हैं। इन गांवों में आम, अमरूद, लीची, केले की अच्छी पैदावार होती है। जब लोग बेरोजगार थे तो सड़क नहीं होने से फल बाजार तक नहीं पहुंच पाते थे। अब सड़क पहुंची तो फलों की देखरेख करने वाला कोई नहीं है। पहले धान, गेहूं, मडुवा, उड़द, गहत, मसूर, मटर और सब्जियों की खूब खेती होती थी लेकिन पलायन होने से यह सब बंद हो गया। खेती करने वाला कोई बचा ही नहीं। जो बुजुर्ग हैं, उनके बस की बात नहीं कि वे जंगली जानवरों से अपने खेती को बचा सकें, इसलिए वह खेती करते ही नहीं हैं। अब दोनों ही गांवों में वीरानगी की फसल लहलहा रही है। मलान गांव समय पर सड़क सुविधा नहीं मिलने से वीरान सा हो गया है। यह कभी कैलाश मानसरोवर यात्रा का पड़ाव था। 1960 से पहले काठगोदाम और टनकपुर से जो कैलाश यात्री आते थे वे पिथौरागढ़-सतगढ़- मलान-अस्कोट होते हुए पैदल तिब्बत जाते थे। उस समय कई यात्री यहां ठहरते थे। इसी रास्ते से अस्कोट के पाल राजा लाव-लश्कर के साथ घोड़े पर सवार होकर अल्मोड़ा के लिए निकलते थे। मलान में दुकानें थीं तो यहां चहल-पहल रहा करती थी। क्षेत्र का सबसे पुराना पोस्ट ऑफिस भी मलान में था। गुड़ौली सहित अन्य गांव जो अब नेशनल हाईवे से जुड़ने के कारण सुविधा संपन्न माने जाते है, पूर्व में वहां के लोग खरीदारी, पोस्ट ऑफिस आदि के काम से मलान आते थे। अब मलान के बाजार में केवल एक छोटी सी दुकान है, जिसमें पूरे दिन गिने-चुने ग्राहक ही आते हैं।

## पेज एक का शेष...

**प्रदेश में जल्द स्थापित...**से ही हमने नई खेल नीति लागू की थी। इस खेल नीति में हमने कई प्रावधान किये थे। इस नीति को लाने से पहले हमने सभी से बात की। एक सामान्य परिवार के खिलाड़ी को किन किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है उसे ध्यान में रखते हुए खेल नीति बनाई गयी। इस नीति के अंतर्गत राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को आउट ऑफ टर्न नौकरी दी जा रही है। इसके साथ ही हमने मुख्यमंत्री खेल विकास निधि की स्थापना की है। जिसके माध्यम से पूर्व में दी जाने वाली पुरस्कार राशि में करीब सौ गुना बढोत्तरी की गयी है। आज खेलों के प्रति लोगों की धारणा बदली है। अभिभावक भी खेलों में जाने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। श्री धामी ने कहा कि सरकार पढ़ाई के साथ साथ बच्चों को खेल की दिशा में ले जाने के लिए भी निरंतर काम कर रही है। आठ वर्ष की उम्र से ही बच्चों को खेलों के लिए प्रोत्साहन राशि देने की व्यवस्था की गयी है। साथ ही खेल उपकरण खरीदने के लिए भी धनराशि का प्रावधान किया गया। प्रशिक्षकों के लिए भी सरकार प्रोत्साहन देने का काम कर रही है। नौकरियों में खेल का 4 प्रतिशत कोटा जो बंद हो गया था उसे भी सरकार ने पुन: शुरू कर दिया है। इस बार युवा कल्याण के लिए बजट में 1700 करोड़ से अधिक खर्च करने का प्रावधान किया गया। स्पोर्टस इंफ्रास्ट्रक्चर के मजबूत बनाने के लिए सरकार काम कर रही है। जां खेल मैदानों की आवश्यकता है वहां खेल मैदान बनाये जा रहे हैं। जहां जिम की आवश्यकता है वहां जिम बन रहे हैं ट्रैक बनाये जा रहे हैं। जहां भी जो आवश्यकता है उस पर तत्परता से काम किया जा रहा है। नये स्टेडियम बनाने के साथ ही पुराने स्टेडियमों को विकसित किया जा रहा है। जल्द ही राज्य में खेल विश्वविद्यालय भी स्थापित किया जायेगा। जल्द ही इसकी औपचारिकतायें पूरी करके इसका शिलान्यास किया जायेगा। सीएम धामी ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी अवसर मिलना राज्य के लिए सौभाग्य की बात है। सीएम धामी ने कहा कि आगामी राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखण्ड के जो भी खिलाड़ी मेडल जीतेंगे उनको पुरस्कार हेतु धनराशि निर्धारित की गयी है उसी धनराशि के बराबर धनराशि राज्य सरकार के द्वारा भी अतिरिक्त रूप से प्रदान की जायेगी। सीएम धामी ने कहा कि सरकार खिलाड़ियों के साथ है। खिलाड़ी अधिक से अधिक मेडल लाने के लिए प्रयास करें। सीएम धामी ने घोषणा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर पदक लाने वाले खिलाड़ियों के लिए नौकरी में 4 प्रतिशत आरक्षण की जो व्यवस्था है यह व्यवस्था राज्य खेल महाकुंभ में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के लिए भी लागू की जायेगी। जनपद स्तर पर प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को स्पोर्टस किट प्रदान की जायेगी।

**आदिवासी समाज देश ...**सरकार द्वारा जनजाति के हित में किया जा रहे कार्यों को भी गिनाया तथा जनजाति के लोगों से सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। इस अवसर पर उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि जनजाति के लोगों द्वारा पिछड़े होने के बावजूद अपनी मेहनत एवं तरक्की से कई उच्च स्थान प्राप्त किए हैं, आदिम जनजाति के बच्चों के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई गई है,भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने भगत सिंह कोश्यारी एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा द्वारा कार्यक्रम में शामिल होकर आदिम जनजाति का सम्मान बढ़ाने पर धन्यवाद किया। कार्यक्रम में आदिम जनजाति के बाजपुर ,गदरपुर, खेमपुर ,शीतपुरी दिनेशपुर आदि क्षेत्रों के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए गए। इस अवसर पर जनजाति की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए विभिन्न घरेलू उत्पादों का प्रदर्शन एवं बिक्री भी की गई। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश के उपाध्यक्ष नरेश हुड़िया, सुखदेव सिंह नामधारी,जिला पंचायत सदस्य कुमारी सुमन,भाजपा महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष ज्योति अरोड़ा, जिलामंत्री कंचन सिंह एवं कविता नेगी, आदिम जनजाति सदस्य इमरती देवी, सुरेश खुराना, बाबू सिंह तोमर, पूर्व मेयर रामपाल सिंह, अनिल जेटली ,योगेश लांबा, विकास शर्मा, अमर सिंह, सहित तमाम लोग शामिल रहे।

**ट्रक और बाईक की..** ने मौके पर पहुंची। दोनों घायलों को तत्काल उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने अमन को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर घटना स्थल से ट्रक व बाईक वहां से हटाकर कब्जे में लिया। बताया जाता है कि मृतक अमन तीन भाईयों में बड़ा था उसकी दो बहनों में प्रीति की शादी हो गई है जबकि रूचि अविवाहित है। पिता गांव में मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। घटना से अमन के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। समाचार लिखे जाने तक परिजनों द्वारा तहरीर नहीं दी गई थी।

**भाजपा नेता के ...**उसे उपचार के लिए तुरंत जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार किया लेकिन उसकी हालत चिंता जनक देखते हुए चिकित्सकों ने उसे रैफर कर दिया। परिजनों ने युवक को उपचार के लिए एक निजी चिकित्सालय में भर्जी कराया है। यह मामला एक ही परिवार का होने के कारण इसमें चुप्पी साध ली गई है। नगर में यह घटना चर्चा का विषय बनी हुई है।

**कारकी टक्कर से ...**से घायल हो गये। कार चालक वाहन सहित मौके सें फरार हो गया। दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया।।

**पंद्रह साल से नहीं ...**टैक्स से 10 प्रतिशत अधिक है। गढ़ी कैंट बोर्ड के सीईओ हरेंद्र सिंह के अनुसार गढ़ी कैंट छावनी बोर्ड का करोड़ों रुपए सरकारी कार्यालयों पर कर बकाया है। बोर्ड समय-समय पर संबंधित विभागों के साथ पत्राचार करता रहता है, लेकिन संबंधित विभागों द्वारा अब तक कर का भुगतान नहीं किया गया है।बड़े भवनों पर करोड़ों रुपए का कर बकाया होने के कारण बोर्ड को स्टाफ और पेंशनर्स को वेतन भत्ता तक देने में दिक्कत हो रही है। साथ ही बोर्ड का भी विकास नहीं हो रहा है। इतना ही नहीं 6 महीने पहले स्टाफ की तीन महीने की सैलरी भी रुक गई थी, जिसके बाद केंद्र से अनुरोध करने पर रकम आई थी।सीईओ ने आगे बताया कि बोर्ड के स्टाफ से लेकर विकास कार्य का खर्चा अधिकतर कर से होता है, लेकिन समय से कर जमा नहीं होने पर बोर्ड को बजट की कमी से जूझना पड़ता है। अगर सभी भवनों से बकाया कर आ जाता है, तो बोर्ड की स्थिति काफी हद तक सही हो पाएगी और विकास कार्य हो सकेंगे।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक- परमपाल सुखीजा**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# मृत पशुओं का 'समाधि स्थल' बनकर रह गया है 'पंत पार्क'

## उपेक्षा का शिकार हुए पंत पार्क से शिलान्यास का पत्थर भी गायब

किच्छा (उद संवाददाता)। भारत रत्न, स्वतंत्रता सेनानी, संयुक्त प्रांत के अंग्रेजी शासन काल के प्रथम प्रधान मंत्री उत्तराखंड के सिरमौर पंडित गोविंद बल्लभ पंत पार्क का शिलान्यास स्थल मृत पशुओं की समाधि स्थल बनकर रह गया है। उपेक्षा का आलम यह है कि जिस स्थान पर शिलान्यास किया गया था वहां पर से शिलापट ही गायब कर दिया गया है । प्रत्येक वर्ष पंडित गोविंद बल्लभ पंत की जयंती मनाने वाली संस्थाएं भी इस ओर से क्रियाहीन हो गई है। जहां तराई क्षेत्र में विभिन्न नेताओं की मूर्तियां संस्थाओं द्वारा शासन द्वारा स्थापित की जा रही है की गई है तथा बड़े-बड़े पार्क ट्रस्ट बनाए गए हैं वहीं भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत अपनी ही जन्म भूमि कर्मभूमि में बेगाने हो गए हैं। किसी भी राजनीतिक दल सामाजिक संगठन या उनके नाम से चलाए जा रहे विभिन्न संस्थाओं के संचालकों द्वारा कोई भी संज्ञान नहीं लिया जा रहा है जो लोग इस और ध्यान आकर्षित करते भी हैं तो उनकी कहीं भी कोई सुनवाई नहीं की जाती है। उल्लेखनीय है कि 10 सितंबर 2021 को तत समय के विधायक राजेश शुक्ला द्वारा हल्द्वानी रोड काली मंदिर के नजदीक रेलवे लाइन के पार सरकारी भूमि पर पंडित गोविंद बल्लभ पंत पार्क बनाए जाने की घोषणा के साथ-साथ शिलान्यास भी किया था तथा पार्क को सुरक्षित करने के लिए सुरक्षा दीवार का कार्य भी शुरू किया गया था किंतु समय के थपेड़ों में यह पार्क उपेक्षा का शिकार हो गया। पार्क का निर्माण एक पर्यटक स्थल के रूप में किया जाना था जिसमें पंडित गोविंद बल्लभ पंत की 150 फिट ऊंची मूर्ति के साथ-साथ उत्तराखंड के तमाम रमणीक स्थलों की झांकियां भी बनाई जानी थी जिससे क्षेत्र के विकास में चार चांद लग जाते तथा पर्यटकों के लिए एक रमणीक स्थल भी बन जाता। हालांकि भाजपा सरकार में इस पार्क के ठीक सामने एम्स की स्थापना की गई, रोडवेज बस अड्डा बनाया गया, आदर्श महाविद्यालय स्थापित किया गया, इसके साथ ही स्मार्ट औद्योगिक सिटी का भी सृजन किया गया है किंतु पंडित गोविंद बल्लभ पंत के लिए बनाए जा रहे पार्क में पक्ष विपक्ष दोनों द्वारा इसके बाद कोई भी संज्ञान नहीं लिया गया हालांकि पूर्व विधायक राजेश शुक्ला द्वारा इस और सार्थक प्रयास किए गए किंतु पंडित गोविंद बल्लभ पंत पार्क को जन मानस में लाने पर उनके प्रयास भी सार्थक साबित नहीं हो पाए और समय के साथ जनता द्वारा कांग्रेस के विधायक को चुन लिया गया तब से लेकर अब तक इस और किसी भी जन प्रतिनिधि द्वारा एवं प्रशासन द्वारा कोई पहल की हुई नहीं दिखाई दे रही है जबकि सूत्रों की मानें तो सरकार द्वारा पंडित गोविंद बल्लभ पंत की आदम कद मूर्ति के लिए कुछ धनराशि भी अव मुक्त की थी जिसकी की पुष्टि नहीं हो पाई। हालांकि यह स्पष्ट हो रहा है कि सरकार द्वारा पार्क के लिए भूमि हस्तांतरण की कार्रवाई की गई थी आखिर यह कहना उचित होगा कि अपनी ही कर्म भूमि जन्मभूमि में पंडित गोविंद बल्लभ पंत जैसे महान समाज सुधारक जनमानस के नेता को अपनों ही क्षेत्र में उपेक्षा का शिकार होना पड़ रहा है।




# संयुक्त मजिस्ट्रेट ने बाल विकास कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

गदरपुर (उद संवाददाता)। शनिवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर संयुक्त मजिस्ट्रेट आईएएस आशिमा गोयल सकैनिया मोड स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय में पहुंची। जहां उन्होंने कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय का गेट बंद पाया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय के प्रधान सहायक गिरीश चंद्र द्वारा संयुक्त मजिस्ट्रेट गोयल के सामने कार्यालय का ताला खोला गया। संयुक्त मजिस्ट्रेट आशिमा गोयल ने जब उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया तो टूर दर्शाया गया था। अनुसेविका के पद पर कार्यरत सोमा देवी का 29 से 30 नवंबर का आकस्मिक अवकाश का आवेदन पाया गया। उपस्थिति पंजिका में 27 एवं 28 नवंबर में उनकी उपस्थिति दर्ज नहीं थी। संयुक्त मजिस्ट्रेट आशिमा गोयल ने बताया कि जांच की रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी जाएगी। इस संबंध में जब बाल विकास परियोजना अधिकारी वीना भंडारी से बात की गई तो उनका कहना था कि जिले में प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना को लेकर पत्र जारी किया गया था। जिसमें सभी सुपरवाइजर को 10 बजे जिले में पहुंचने का समय बताया गया था। संयुक्त मजिस्ट्रेट के औचक निरीक्षण से नगर के अन्य कार्यालयों में भी हड़कम्प मचा रहा।



# श्री कृष्ण ने धृतराष्ट्र को कराया पांडवों पर अत्याचार का बोध

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आर्य समाज रूद्रपुर के 74 वें वार्षिकोत्सव पर आयोजित संगीतमय श्री योगीराज कृष्ण कथा में सायंकालीन सत्र कार्यक्रम का शुभारंभ में तिलकराज बेहड़, विधायक किच्छा विधानसभा के कर कमलों से हुआ। उपरांत अंतरराष्ट्रीय ख्यातिलब्ध कथा वाचक पंडित कुलदीप आर्य जी ने कथा के प्रसंग में भगवान श्री कृष्ण चंद्र जी महाराज का शांति दूत बन करके हस्तिनापुर के दरबार में पहुंचना और धृतराष्ट्र को यह बोध कराना कि हे महाराज आपकी सभा जो भी अत्याचार हो रहा है पांडवों पर उसके उत्तरदाई आप होंगे इतिहास आपको कभी माफ नहीं करेगा इत्यादि प्रश्नों से समस्त उपस्थित जनसभा को भाव विभोर कर दिया। धृतराष्ट्र ने कहा है विदुर मुझे रात्रि में निद्रा नहीं आती है तो विदुर जी ने कहा आप कहो तो आपके गद्दे बदलवा दूं, इस बात पर धृतराष्ट्र बिलखकर बोले आप भी जानते हो की किस के कारण नींद नहीं आ रही है। इस पर भगवान कृष्णा ने कहा कि आप पांडवों का अधिकार देकर यह अधर्म का मार्ग छोड़ दीजिए और धर्म का मार्ग अपने पांडवों को उनका अधिकार दें अन्यथा युद्ध की तो ठन ही गई है। भगवान कृष्ण ने कहा है आप पांच ही गांव दे दो लेकिन दुर्योधन इस बात पर बिलख करके कहने लगा कि मै सुई की नोक के बराबर बिना युद्ध के जगह नहीं दूंगा। यह प्रसंग सुनकर के समसत श्रोतागण भाव भी बोर हुए। आज की कथा संपन्न होने पर आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तराखंड के प्रधान डीपी यादव कार्यक्रम के संयोजक ने सभी का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद तथा शांति पाठ किया। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से आर्य समाज के पूर्व प्रधान जवाहरलाल तनेजा, वर्तमान प्रधान पृथ्वीराज आर्य, मंत्री राजेंद्र चांदना, रमन सिंबल, रविंद्र सिंघल, बजरंग लाल गर्ग, अमित आर्य, अमित वसंत, कोषाध्यक्ष सतीश तनेजा, यशपाल तनेजा, धर्मेंद्र तनेजा, संतोष आर्या, रेनू कुकरेजा, अलका तनेजा, वीणा सिंघल, चंचल तनेजा सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।




# चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के खिलाफ प्रदर्शन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विश्व हिंदू परिषद की अगुवाई में विभिन्न हिंदू संगठनों से जुड़े भरी संख्या में लोगों ने बांग्ला देश में इस्कॉन के संयोजक चिन्मय कृष्ण दास प्रभु जी की असंवैधानिक गिरफ्तारी एवं हिंदुओं एवं अन्य अल्पसंख्यको के लक्षित नरसंहार के विरोध में प्रदर्शन किया। रोषित लोगों ने विश्व समुदाय से इस प्रकार के नृशंस कृत्य के विरोध में एकजुट होकर बांग्लादेश की अंतरिम सरकार पर इन घटनाक्रमों को तुरंत रुकवाने के लिए सार्थक प्रयास करने का आवाहन किया। प्रदर्शन में इस्कॉन हल्द्वानी, सर्व हिंदू सभा और अन्य हिंदूवादी संगठनों ने प्रतिभाग किया।




# फरार वांछित अभियुक्त दिल्ली से गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। थाना बनभूलपुरा पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे वांछित अभियुक्त को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया है।जानकारी के अनुसार नीरज भाकुनी थानाध्यक्ष बनभूलपुरा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना बनभूलपुरा में पंजीकृत अभियोग में लंबे समय से फरार चल रहे वांछित अभियुक्त सचिन कुमार चौधरी उर्फ राहुल पुत्र उमेश कुमार चौधरी निवासी ग्राम चुन्नी थानाछातापुर, जिला सुपौल, बिहार हाल निवासी चौधरी भवन वसंतकुंज थाना किशनगढ़ नई दिल्ली को गोल्फ व्यू अपार्टमेंट साकेत नई दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त सचिन चौधरी एक शातिर किस्म का अपराधी है। जिसके विरुद्ध दिल्ली में भी डकैती का मुकदमा पंजीकृत है और उसके विरुद्ध न्यायालय द्वारा गैर जमानती वारंट तथा कुर्की वारंट जारी किए गए थे। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक अनिल कुमार, महिला उप निरीक्षक श्रीमती सुनीता कुंवर, कांस्टेबल महबूब अली व सुनील कुमार शामिल थे।



